having a keen intellect, perspicacious.

कुश्ती(स्त्री.) दंगल, मल्लयुद्ध।
wrestle, wrestling bout.

कुसंगति(स्त्री.) कुसंग।
bad company.

कुसमय(पुं.) कुदिन, दुर्दिन, बुरा जमाना, दुष्काल, बुरा वक्त।
bad time.

कूटना(क्रि.) कूँचना, खरल करना, पीसना, भूकना।
to pound, to pestle.

कूड़ा(पुं.) कचरा, कतवार, कूड़ा-कचरा, कूड़ा-कर्कट, गंदगी, बटोरन, बुहारिन।
sweepings, refuse.

कूड़ा-करकट(पुं.) कंकड़-पत्थर, कूड़ा-कचरा, कूड़ा-कबाड़, घास-पात, घास-फूस।
rubbish, trash.

कूद जाना(क्रिपद) चौकड़ी भरना, छलाँग लगाना, फलाँगना, फाँदना, लाँघना।
to jump over.

कूदना (क्रि.) उछलना, फुदकना।
to jump, to skip.

कृतघ्न (वि.) एहसान न माननेवाला, एहसानफरामोश।
ungrateful.

कृतज्ञ(वि.) अनुगृहीत, आभारी, उपकृत, एहसानमंद, नमकहलाल, मशकूर, वफादार, शुक्रगुजार।
thankful, grateful, obliged, loyal, faithful.

कृतज्ञता(स्त्री.) आभार, उपकार, एहसान।
gratefulness, obligation.

कृतज्ञता-प्रकाश(पुं.) आभार-प्रदर्शन, धन्यवाद-प्रकाश।
thanksgiving.

कृत्रिम(वि.) अप्राकृतिक, अवास्तविक, कल्पित, अस्वाभाविक, जाली, दिखावटी, नकली, मसनूई।
unreal, fictitious, artificial, imaginary, showy.

कृत्रिमता(स्त्री.) अवास्तविकता, अस्वाभाविकता, दिखावट, दिखावा, नकलीपन, बनावट।
unnaturalness, artificiality, unreality, affectation.

कृपया(क्रिवि.) कृपा करके, कृपापूर्वक, दया करके, मेहरबानी करके, मेहरबानी से।
kindly.

कृपा(स्त्री.) १. अनुकंपा, अनुग्रह, इनायत, कृपादृष्टि, नियाज, नियामत, प्रसाद, फजल, मेहर, मेहरबानी, रहमत, स्नेहशीलता।
kindness, favour, grace.
–२. दया। (दे.)

कृपालु(वि.) १. कृपानिधान, शुभचिंतक, हितकारी, हितैषी।
kind, benign, compassionate.
–२. दयालु (दे.)

कृषि(स्त्री.) काश्तकारी, किसानी, खेती, खेती-बारी।
agriculture.

कृष्ण(पुं.) कन्हाई, कन्हैया, कान्ह, केशव, गिरिधारी, गोपाल, गोविंद, घनश्याम, जनार्दन, त्रिलोकीनाथ, दामोदर, देवकीनंदन, द्वारकाधीश, नंदकिशोर, नंदनंदन, नंदलाल, पुरुषोत्तम, बनमाली, वासुदेव, मदनगोपाल, मधुसूदन, मनमोहन, माधव, माधो, मुकुंद, मुरलीधर, मुरलीमनोहर, मुरारी, मोहन, यदुराज, योगेश्वर, रसिकबिहारी, राधारमण, वंशीधर, वासुदेव, वृंदावनबिहारी, हृषीकेश, साँवरिया।
Lord Krishna.

कृष्य(वि.) कृषियोग्य, खेती के योग्य, जोतने-बोने योग्य।
arable, cultivable.

केंद्र(पुं.) मध्य, केंद्रबिंदु, मध्यबिंदु, मध्यस्थल, मर्कज, सैंटर।
centre.

केंद्रित(वि.) केंद्रस्थ, केंद्रीकृत, मध्यस्थित।
centred.

केंद्रीय(वि.) केंद्रगत, मध्यवर्ती, मध्यस्थित, मर्कजी।
central.

के अतिरिक्त(परसर्ग) के अलावा, के सिवाय, को छोड़कर।
except for, apart from, barring that, excluding that, exclusive of, other than, omitting that.

के कारण(परसर्ग) के मारे, की वजह से।
due to, because of.

के द्वारा(परसर्ग) की मार्फत, के जरिए, के हस्ते, के हाथ।
by, through, through the agency of.

के पहले(परसर्ग) के पेश्तर।
before, prior to.

के बजाए (परसर्ग) की जगह, के बदले, के स्थान पर।
instead of, in place of.

के लिए(परसर्ग) के वास्ते।
for.

केवल(क्रिवि.) अकेले, निरा, महज, मात्र, सिर्फ, ही, ही भर।
only.

केसर(पुं.) केशर, जाफरान।
saffron.

केसरिया(वि.) केसरी, जाफरानी।
of or pertaining to saffron.

कै (स्त्री.) उलटी, छरद, मतली, वमन।
vomit.

कैसे ही(क्रिवि.) किसी भी ढंग से, किसी प्रकार, किसी भी प्रकार से, कैसे भी, चाहे जैसे, येनकेन प्रकारेण।
somehow.

कोड़ी(स्त्री.) बीसी।
set of twenty.

कोढ़(पुं.) कुष्ठ।
leprosy.

कोढ़ी(वि,पुं.) कुष्ठी।
leper.

कोना(पुं.) नुक्कड़।
corner.

कोमल(वि.) अति संवेदनशील, गुदगुदा, गुलगुला, नरम, नर्म, नाजुक, भावुक, मुलायम, मृदु, मृदुल, सुकुमार, संवेदनशील।
soft, delicate, tender, sensitive.

कोमलता(स्त्री.) अतिसंवेदनशीलता, नजाकत, नरमी, मुलायमियत, मृदुता, मृदुलता, सुकुमारता, संवेदनशीलता।
softness, delicacy, tenderness, sensitiveness.

कोयल (स्त्री.) पिक, श्यामा।
cuckoo.

कोरम(पुं.) गणपूर्ति।
quorum.

कोलाहलपूर्ण(वि.) तुमुल, तूफानी, शोर-शराबेदार, हंगामी।
tumultuous, noisy, uproarious.

कोश(पुं.) डिक्शनरी, निघंटु, लुगत, शब्दकोश।
dictionary, lexicon.

कोष(पुं.) खजाना, निधान, निधि, फंड।
treasure, fund.

कोषागार(पुं.) खजाना।
treasury.

कोषाध्यक्ष(पुं.) खजांची।
treasurer.

कोष्ठक(पुं.) बंधनी, ब्रैकट।
bracket.

कोसना(क्रि.) अभिशाप देना, शाप देना, सरापना।
to imprecate, to invoke a curse.

कोहरा(पुं.) कुहासा, तुहिन, धुंध, पाला।
mist, fog.

कौर(पुं.) गस्सा, ग्रास, निवाला, नेवाला, लुकमा।
mouthful, morsel.

कौशल (पुं.) उस्तादी, कला, कारीगिरी, चतुरता, चतुराई, चातुर्य, दक्षता, निपुणता, पटुता, प्रवीणता, फन, युक्ति, विचक्षणता, विदग्धता, सफाई, हिकमत।
skill, adroitness, art, dexterity, expertise, finesse, knack, technique.

क्योंकि (योजक) इसलिए, कि, चूँकि।
because.

क्रम (पुं.) १. अनुक्रम, तरतीब, ताँता, तार, तारतम्य, परंपरा, बारी, लड़ी, शृंखला, सातत्य, सिलसिला।
order, succession, continuity.
–२. चर्या, दिनचर्या, नित्यचर्या, नियम।
routine, usual course.

क्रमबद्ध (वि.) क्रमागत, क्रमिक, क्रमित, तरतीबवार, नंबरवार, शृंखलाबद्ध, शृंखलित, श्रेणीबद्ध, सिलसिलेवार।
successive, orderly, graded, consecutive.

क्रिया (स्त्री.) अनुक्रिया, कर्म, काम, कार्य, कृत्य, प्रतिक्रिया, संक्रिया।
action, reaction, process.

क्रियाकलाप (पुं.) कार्यकलाप, गतिविधि।
activities, movements.

क्रीड़ा (स्त्री.) अठखेली, किलोल, केलि, खेल, चुलबुली, चुहल, चुहलबाजी, छेड़खानी, छेड़छाड़, विलास, विहार।
frolic, fun.

क्रीड़ास्थल (पुं.) क्रीड़ांगण, क्रीड़ास्थली, खेल का मैदान, स्टेडियम।
play-ground, stadium.

क्रीत (वि०) खरीदा हुआ।
bought.

क्रुद्ध (वि.) अप्रसन्न, आग-भभूका, कुपित, खफा, खिन्न, गुस्से से भरा, जला-भुना, परितप्त, रंजीदा, रिसौहाँ, रुष्ट।
angry, annoyed, displeased, enraged, infuriated.

क्रुद्ध होना (क्रिपद) अप्रसन्न होना, कुपित होना, क्रोधाभिभूत होना, खफा होना, गुस्सा खाना, जलभुन उठना, जलभुन जाना, तमक उठना, तमतमा उठना, तिनकना, तिलमिलाना, नाराज हो जाना, बिफरना, भड़कना, रुष्ट हो जाना, लाल हो जाना।
to be enraged.

क्रोध (पुं.) अनख, अमर्ष, आक्रोश, कोप, क्रोधाग्नि, खीझ, खुनस, गुस्सा, ताव, तिलमिलाहट, तुनुकमिजाजी, तेहा, तैश, नाराजगी, परिताप, प्रकोप, रिस, रोष।
anger, wrath, resentment, rage, fury, frenzy.

क्रोधी (वि.) कोपी, गुस्सावर, गुस्सैल, तुनुकमिजाज, तेजमिजाज, तेही, बिगड़ैल।
hot-tempered.

क्षणिक (वि.) अनित्य, अल्पकालिक, अस्थायी, क्षणभंगुर, क्षणस्थायी।
momentary, transitory.

क्षतिपूर्ति (स्त्री.) मुआवजा, हर्जाना, हानि-पूर्ति।
compensation, damages.

क्षमा (स्त्री.) माफी।
pardon, forgiveness.

क्षमा करना (क्रिपद) बख्शना, माफ करना, माफी देना।
to forgive, to pardon.

क्षमा माँगना (क्रिपद) माफी माँगना, क्षमायाचना करना।
to apologize.

क्षय (पुं.) अंत, अपक्षय, छीज, छीजन, ध्वंस, नाश, लोप, विनाश, ह्रास।
decay, dwindling.

क्षितिज (पुं.) दिगंत, दिग्वाल।
horizon.

क्षुधावर्धक (वि.) बुभुक्षावर्धक, भूख बढ़ानेवाला।
appetizing.

क्षेत्र (पुं.) अधिक्षेत्र, कार्यक्षेत्र, प्रक्षेत्र, प्रदेश, प्रांत, भूक्षेत्र, भूखंड, भूभाग, मैदान।

region, field, jurisdiction.

क्षेत्रवाद(पुं.) क्षेत्रीयता, प्रांतीयता, प्रादेशिकता।
provincialism, regionalism.

क्षेत्रीय(वि.) प्रदेशीय, प्रांतीय, भूभागीय।
regional.

खंडन(पुं.) काट, निराकरण, निषेध, प्रतिवाद, प्रतिषेध, विरोध।
contradiction, refutation.

खंडन करना(क्रिपद) असिद्ध ठहराना, काटना, निराकरण करना, निराकृत करना, निषेध करना, प्रतिवाद करना, प्रतिषेध करना।
to contradict, to refute.

खंडनीय(वि) निराकरणीय।
refutable.

खंडहर(पुं.) अवशेष, भग्नावशेष, ढेर, ध्वंसावशेष।
ruins.

खंभा(पुं) थंब, थूनी, टेक, स्तंभ।
column, pillar, post.

खग्रास (पुं.) पूर्णग्रहण।
total eclipse.

खचाखच(क्रिवि.) ठसाठस।
over-crowded, jam-packed.

खटमल(पुं.) खटकीड़ा।
bug.

खटाई(स्त्री.) खटास।
sourness.

खड़ाऊँ(स्त्री.) पट्टी, पादुका।
wooden sandal.

खत्ता (पुं.) बखार।
barn, grain-store.

खत्म(वि.) पूरा, पूर्ण, समापित, समाप्त।
finished, ended.

खत्म कर देना(क्रिपद) १. चट कर जाना, न रहने देना, सफाया कर देना, समाप्त कर देना, साफ कर जाना।
to finish.
—२. मार डालना।
to kill.

खदबदाना(क्रि.) बलकना, बुदबुदाना।
to bubble.

खदेड़ना(क्रि.) छितरा देना, तितर-बितर करना, रगेदना।
to chase away.

खद्दर(पुं.) खादी।
hand-woven cloth.

खरा-खोटा(वि.) अच्छा-बुरा, उत्कृष्ट, निकृष्ट, बढ़िया-घटिया।
good and bad.

खराब (वि.) १. खोटा, घटिया, त्रुटिपूर्ण, दोषपूर्ण, नाकिस, निकृष्ट, बुरा, विकृत, सदोष।
bad, defective, inferior, poor.
—२. खतरनाक, गंभीर, नाजुक, संकटपूर्ण।
critical, grave, serious.

खराबी(स्त्री.) अवगुण, कमी, खोट, त्रुटि, दोष, बुराई, विकार।
defect, fault, deficiency.

खरीद(स्त्री.) क्रय।
purchase, buying.

खरीदना(क्रि.) कीनना, क्रय करना, मोल लेना।
to buy, to purchase.

खरीद-फरोख्त (स्त्री) क्रय-विक्रय, लिया-बेची।
sale and purchase, buying and selling.

खर्च(पुं.) व्यय, परिव्यय, लागत।
exspense, expenditure, outlay.

खर्च करना(क्रिपद) व्यय करना, सर्फ करना।
to spend.

खर्ची(स्त्री.) गुजारा, निर्वाह-भत्ता, निर्वाह-व्यय।
maintenance allowance.

खर्राटा(पुं.) घर्राटा।
snore.

खलबली(स्त्री.) अशांति, आंदोलन, उपद्रव, गड़बड़, गड़बड़ी, झगड़ा-फसाद, तहलका, फसाद, सनसनी, हड़कंप, हलचल।
commotion, stir, trouble, agitation, disturbance.

खाँसी (स्त्री.) कुकुरखाँसी, खौंखों, ठसका।
bronchitis, dry cough.

खाई (स्त्री.) खंदक, खात।
ditch, moat, trench, water course.

खाऊ (वि.) खाने पर टूट पड़नेवाला, खाऊचप, चटोरा, पेटू, भकोसू, भक्षक, भुक्खड़।
gluttonous, voracious, famished.

खाकी (वि.) मटमैला, सिलेटी।
dusty, dust-coloured.

खा जाना (क्रिपद) उड़ा देना, खा-पका जाना, खा-पी जाना, न रहने देना।
to eat away.

खाद्य (वि.) भक्ष्य, भोज्य।
edible, eatable.

खाना (क्रि.) उदरस्थ करना, कचरना, काया में देना, गटकना, गड़पना, चखना, जीमना, झोरना, टूँगना, ठूसना, थूरना, निगलना, पेट-पूजा करना, पेट में डालना, भकोसना, भक्षण करना, भोग लगाना, भोजन करना, लीलना, हड़पना।
to eat, to swallow, to gulp.

खाना-पीना (पुं.) खान-पान।
way of living with particular reference to eating and drinking.

खानाबदोश (पुं.) कंजर, भ्रमणशील, हब्शी।
nomad.

खाली (वि.) खलास, खुक्ख, खोखला, छूछा, पोला, रिक्त, रीता।
empty, vacant, unoccupied, hollow.

खिचड़ी (स्त्री.) तहरी।
cooked rice with vegetables, pulses etc.

खिलना (क्रि.) पनपना, पल्लवित होना, प्रफुल्लित होना, फूलना, लहलहाना, विकसना, विकसित होना, हरा-भरा होना, हरा होना।
to bloom, to blossom, to prosper, to thrive.

खिलवाड़ी (वि.) चुलबुला, नटखट, शरारती, हुड़दंगी।
playful, frivolous.

खिलाना (क्रि.) खाना खिलाना, जिमाना, भोजन कराना।
to feed.

खिसकना (क्रि.) खिसक जाना, चंपत होना, चलता बनना, टसक जाना, नौ दो ग्यारह हो जाना, भाग खड़े होना, रफूचक्कर होना, लंबे हो जाना, लोप होना, सरक जाना।
to slip away.

खींचतान (स्त्री.) कशमकश, खींचातानी, घसीटा-घसीटी, तनातनी, रस्साकशी।
tussle, tug-of-war.

खींचना (क्रि.) अंकित करना, उरेहना, चित्रित करना।
to draw, to carve.

खीझ (स्त्री.) कोफ्त, खिजलाहट, झुँझलाहट।
disgust, irritation, fretting.

खीझना (क्रि.) कुढ़ना, खिझाना, खिसियाना, चिढ़ना।
to be chagrined, to be embarrassed and annoyed.

खुजली (स्त्री.) कनकनी, कनकनाहट, खारिश, खुजलाहट, खुरक, सलसलाहट, सुरसुरी।
itch, itching sensation.

खुरंड (पुं.) पपड़ी।
dry crust over a wound.

खुरदरा (वि.) खुरखुरा, खुरहरा, रफ, रूक्ष, रूखा।
rough.

खुराक (स्त्री.) १. मात्रा।
doze.
—२. गिज़ा।
diet.

खुलकर (क्रिवि.) निर्द्वंद्व होकर, निर्भय होकर, बेखटके, स्वतंत्रतापूर्वक।
freely.

खुला (वि.) १. अनावृत, निरावरण, निरावृत, बेढका, विवृत।
open, uncovered, unveiled.
—२. निरभ्र, उन्मुक्त।
cloudless.

खुल्लमखुल्ला (क्रिवि.) एलानिया, खुले रूप

में, हुक्के की चोट पर, मुँह पर, सबके सामने, साफ़-साफ़।
publicly, openly.

खुशी-खुशी (क्रिवि.) आनंदपूर्वक, उमंग से, चाव से, जोश-खरोश से, लपाक से, दिल खोलकर, दिल से, प्रसन्नतापूर्वक, मज़े से, सोल्लास, हर्षपूर्वक, हार्दिकता से।
with pleasure, with enthusiasm.

खूँखार (वि.) १. खून का प्यासा, खूनी, रक्त-पिपासु।
blood-thirsty, ferocious.
—२. बर्बर (दे.)

खूँटा (पुं.) कीला।
stake.

खेड़ी (स्त्री.) गर्भ-झिल्ली, जेर, जेरी।
afterbirth, placenta,

खेदजनक (वि.) अफसोसनाक, खेदकारक, शोचनीय।
regrettable.

खेल (पुं.) क्रीड़ा, खिलवाड़, खेल-कूद, मनोरंजन, विनोद, शगल।
play, sports, pastime.

खेलना (क्रि.) क्रीड़ा करना, खिलवाड़ करना, खेल करना, जी बहलाना, मन बहलाना, मनोविनोद करना।
to play, to amuse.

खोखला (वि.) थोथा, पोपला, पोला।
hollow, void.

खोखा (पुं.) गुमटी, स्टाल।
stall.

खोज (स्त्री.) अनुसंधान, जुस्तजू, गवेषणा, छान-बीन, टोह, तलाश, तलाशी, तहकीकात, फ़िराक, शोध।
search, investigation, research.

खोजना (क्रि.) अनुसंधान करना, खोजबीन करना, खोज करना, गवेषणा करना, छान-बीन करना, तलाश करना, तलाशी लेना, पड़तालना, पता लगाना, शोध करना।
to search, to investigate, to probe, to check.

खोदना (क्रि.) खनना, खुदाई करना।
to dig.

खोया (पुं.) खोवा, मावा।
a thickened milk-product.

खोल (पुं.) आवरण, खोली, गिलाफ़।
cover, covering.

खोलना (क्रि.) अनावरण करना, अनावृत करना, उघाड़ना, उद्घाटित करना, बाना।
to open.

ख्याली पुलाव पकाना (क्रिपद) मन के लड्डू खाना, हवाई किले बनाना।
to build castles in the air.

गंजा (वि.) अकच, अकेशी, केशहीन, खल्वाट, खोरहा, गंजे सिरवाला, चँदला, विकच, विकेशी।
bald, without hair.

गंजापन (पुं.) अकेशीपन, केशहीनता, खल्वाटता, गंज।
baldness

गंडा (पुं.) जंतर, तावीज, रक्षासूत्र।
amulet.

गंतव्य (पुं.) ठिकाना, ठीक-ठिकाना, मंजिल।
destination, precise location.

गंदगी (स्त्री.) कचरा, कूड़ा-करकट, मलिनता।
filth, refuse, rubbish, trash.

गंदा (वि.) १. गंदला, गलीज, चिकट, धूल-धूसरित, मलिन, मैला, मैला-कुचैला।
dirty, muddy.
—२. अपवित्र, अश्लील, अश्लीलतापूर्ण, कुत्सित।
dirty, obscene.

गंदा करना (क्रिपद) मैला करना, लथेड़ना।
to make dirty, to bedraggle.

गंध (स्त्री.) १. दुर्गन्ध, बदबू, बास, बू, भभक, महक, मुश्क।
smell, odour.
—२. खुशबू, गमक, परिमल, बास, मकरंद, महक, सुगंधि, सुरभि, सुवास, सौरभ।
fragrance, aroma, perfume, essence.

गंधहीन (वि.) निर्गंध।

odourless.
गंभीर (वि.) १. अगाध, गहन, गहरा, संगीन।
deep, profound, grave.
–२. शांत, धीर, संजीदा।
sober.
–३. चिंताजनक (दे.)
गंभीरता (स्त्री.) १. गहनता, गहराई, गांभीर्य, गुरुता।
depth.
–२. धैर्य, संजीदगी, संजीदापन।
sobriety, gravity.
गँवाना (क्रि.) खोना, हाथ से निकल जाने देना।
to lose, to squander away.
गँवार (वि.) १. जंगली, उजड्ड, गँवारू, देहाती, फूहड़, बेशऊर, बेसलीका, मूसलचन्द, हूश।
rustic, boorish, mannerless, unmannerly.
–२. अशिष्ट (दे.)
गगनचुंबी (वि.) अभ्रंकष, आकाशी, आसमान से बातें करनेवाला, गगनस्पर्शी।
sky-high, cloud-kissing.
गजराज (पुं.) गजेंद्र।
king of elephants.
गठन (स्त्री.) अंगलेट, अंगसौष्ठव, काठी, बाडी।
build, constitution of a body.
गठरी (स्त्री.) गाँठ, पुलिंदा, पोट, पोटली, बंडल, बुकचा।
bundle, package.
गठिया (पुं.) जोड़ों का दर्द, वातरोग, संधिवात, संधिशोथ।
gout, rheumatism, arthritis.
गड़बड़ी (स्त्री.) गड़बड़, गड़बड़-घोटाला, गड़बड़-झाला, गपड़चौथ, गोलमाल, घपला, घालमेल।
hotch-potch, mess, bungling.
गड्ढा (पुं.) खड्ड, खाई, खोह, गड़प्पा, गड़हा, गर्त।
pit, abyss.
गणना (स्त्री.) आकलन, गणन, गिनती, प्रकलन, हिसाब।
counting.
गणनीय (वि.) गण्य, गिनने योग्य।
countable.
गणेश (पुं.) अंबिकेय, एकदंत, गजबदन, गजमुख, गजानन, गणपति, गौरीसुत, ढुंढि, लंबोदर, विघ्नेश, विघ्नेश्वर।
Lord Ganesh.
गत (वि.) अतीत, गतप्राय, गुजरा हुआ, बीता हुआ, भूत, माज़ी, विगत, व्यतीत।
passed away, gone by.
गति (स्त्री.) १. आवेग, चाल, रफ्तार, वेग।
motion, speed.
–२. स्पंदन, हरकत, हलचल।
movement.
गतिरोध (पुं.) जिच।
deadlock, stalemate.
गतिशील (वि.) गत्यात्मक, गत्वर।
dynamic, dynamical, mobile.
गत्ता (पुं.) कार्डबोर्ड, दफ्ती।
cardboard.
गद्दा (पुं.) तुलाई, तोश, तोशक।
mattress.
गधा (पुं.) १. खर, वैशाखनंदन।
ass.
–२. मूर्ख (दे.)
गप (स्त्री.) गपशप, गपोड़ा, गप्प।
gossip, tittle-tattle.
गप हाँकना (क्रिपद) बेपर की उड़ाना, लंबी-चौड़ी हाँकना।
to talk tall.
गप्पी (पुं.) गपोड़, गपोड़िया, बकबकी, बकवादी, बातूनी, बकवास करनेवाला।
chatterer, chatter-box.
गबन (पुं.) अमानत में खयानत, चोरी, बेईमानी।
embezzlement, misappropriation, breach of trust.
गम्य (वि.) अभिगम्य, उपगम्य, पारणीय।
traversable, passable.
गरज (स्त्री.) १. कड़क, गड़गड़ाहट, गर्जन, मेघनाद।
thundering sound, roar.

—२. गुर्राहट, दहाड़।
roar.
—३. आवश्यकता (दे.)

गरजना (क्रि.) कड़कना, गर्जन करना, गुर्राना, चिंघाड़ना, दहाड़ना।
to roar, to thunder.

गर्दन (स्त्री.) ग्रीवा।
neck.

गर्भ (पुं.) भ्रूण, हमल।
pregnancy, conception.

गर्भ ठहरना (क्रिपद) गर्भवती होना, धनाना, पेट में बच्चा ठहरना, पेट से होना, पैर भारी होना।
to be pregnant, to be in a family way.

गर्भपात (पुं) गर्भच्युति, गर्भस्राव, भ्रूणपात।
miscarriage, abortion.

गर्भपात होना (क्रिपद) अकालप्रसव होना, कच्चा जाना, गर्भस्राव होना, पेट गिर जाना, बच्चा गिर जाना।
to abort.

गर्भवती (वि. स्त्री) गर्भिणी, पेटसंग, हमिला।
pregnant, in a family way.

गर्भाधान (पुं) गर्भधारण, गर्भस्थापन।
impregnation, conception.

गर्म (वि.) उत्तप्त, उष्ण, कुनकुना, गरम, गरमागरम, तपित, तप्त।
hot, warm.

गर्म हो जाना (क्रिपद) अंगारा हो जाना, जलना, जलने लगना, तप जाना, तपना, लाल हो जाना, सुर्ख हो जाना।
to be heated, to become red.

गर्मी (स्त्री.) उत्तप्तता, उत्ताप, उष्णता, गर्माहट, तपन, तपिश, ताप।
heat, hotness.

गलत (वि.) १. असत्यपूर्ण, अयथार्थ, अशुद्ध, असत्य।
wrong.
—२. अनुचित (दे.)

गलती (स्त्री.) १. कसूर, खता, दोष, भूल, प्रमाद।
mistake.
—२. अशुद्धि, चूक, त्रुटि, भूल।
mistake, error, inaccuracy, slip, misconception.

गला (पुं.) कंठ, गटई, नटई, हलक।
throat.

गला काटना (क्रिपद) कत्ल करना, गला रेतना, ज़बह करना, वध करना।
to kill, to slaughter.

गली (स्त्री.) कूचा, गलियारा, गैल, टोला, महाल, मुहल्ला।
street, corridor.

गले लगाना (क्रिपद) आलिंगन करना, कलेजे से लगाना, छाती से लगाना, दिल से लगाना, बाहों में भर लेना, भुजपाश में लेना, भुजाओं में भरना, सीने से लगाना।
to embrace, to hug.

गवाह (पुं.) साक्षी।
witness.

गवाही (स्त्री.) साक्षी, साक्ष्य।
evidence.

गहना (पुं.) अलंकार, आभूषण, ज़ेवर, टूम, भूषण।
ornament.

गहरा (वि.) अगाध, अथाह, गंभीर, गहन, घना, चटक, निविड़, प्रगाढ़, मंद्र।
deep, profound, dense, thick.

गहराई (स्त्री.) गंभीरता, थाह।
depth.

गाँठ (स्त्री.) १. गिरह, ग्रंथि, घुंडी।
knot.
—२ जोड़ (दे.)

गाँठदार (वि.) गठीला, गुट्ठल।
knotty.

गाँव (पुं.) ग्राम, देहात, परगना, पल्ली, पुरवा, पुरा, बस्ती।
village, countryside.

गाड़ी (स्त्री.) कार, छकड़ा, ट्रक, ठेला, बैलगाड़ी, मोटर, यान, रेल, लारी, वाहन, शकट, सवारी गाड़ी।
conveyance, vehicle, carrier, train, car, motor, lorry.

गाना [१] (क्रि.) अलापना, गाना-बजाना,

गायन करना, गुनगुनाना, राग निकालना, सुर निकालना।
to sing.

गाना २ (पुं.) गायन, गीत, दुगाना, समवेत गान, सहगान।
song, chorus.

गाय (स्त्री.) कपिला, गऊ, गैया, गो, गौ, धेनु, श्यामा, सुरभि।
cow.

गायक (पुं.) गलेबाज़, गवैया, गीतकार।
singer.

गायब (वि.) अंतर्धान, अगोचर, अदृश्य, अलक्ष्य, ओझल, काफूर, गुम, तिरोभूत, तिरोहित, नदारद, रफूचक्कर, लुप्त, विलीन, विलुप्त।
disappeared, vanished.

गायब हो जाना (क्रिपद) अंतर्धान हो जाना, अदृश्य हो जाना, अलक्ष्य हो जाना, काफूर हो जाना, खिसक जाना, गुम हो जाना, खो जाना, तिरोधान हो जाना, तिरोहित हो जाना, नदारद हो जाना, नौ दो ग्यारह हो जाना, रफूचक्कर हो जाना, लुप्त हो जाना, विलीन हो जाना, विलुप्त हो जाना, हवा हो जाना।
to slip away, to run away.

गायिका (स्त्री.) गानेवाली, गौनहारिन।
lady-singer.

गाल (पुं.) कपोल।
cheek.

गाली (स्त्री.) अपशब्द, गाली-गलौज, गाली-गुफ्ता, दुर्वचन, भर्त्सना।
abuse, vituperation, invectives.

गाली देना (क्रिपद) अपशब्द कहना, गरियाना, गाली-गलौज करना, गाली बकना, दुर्वचन कहना।
to abuse, to vituperate.

गिचपिच (स्त्री.) गिचिर-पिचिर, घसीट।
bad handwriting.

गिजगिजा (वि.) गिलगिला, चिपचिपा, लसलसा।
fleshy, slimy, viscous.

गिद (स्त्री.) कीचड़।
mucus.

गिनना (क्रि.) गणना करना, गिनती करना, परिकलन करना, परिगणन करना, शुमार करना, हिसाब करना।
to count, to enumerate.

गिरजा (पुं.) ख्रीस्तगृह, गिरजाघर, कलीसिया।
church.

गिरना (क्रि.) टपक पड़ना, गिर पड़ना, ढहना, ढेर हो जाना, नीचे आ पड़ना, भहराना, लुढ़क जाना।
to fall, to collapse, to crash-down.

गिरफ्तार करना (क्रिपद) बंदी बनाना, हथकड़ी डालना, हिरासत में लेना।
to apprehend, to arrest.

गिरफ्तारी (स्त्री.) पकड़-धकड़, पकड़ा-धकड़ी, धर-पकड़।
arrest, rounding up.

गिराना (क्रि.) १. ढाहना, धराशायी करना, भूमिसात् करना।
to demolish.
–२. चित्त करना, धराशायी करना, पटकना, पटकनी देना।
to fell.

गिरावट (स्त्री.) १. उतार, घटती, मंदी, सस्ती, ह्रास।
decline.
–२. पतन (दे.)

गिरोह (पुं.) गोल, ग्रुप, जत्था, जुट, टोली, झुंड, मंडली।
gang, group, band, horde, clique.

गिलबिलाना (क्रि.) गुँगुआना।
to speak unintelligibly.

गिलौरी (स्त्री.) बीड़ा।
betel-leaf, stuffed and folded.

गिल्टी (स्त्री.) कखौरी, कौड़ी, गाँठ, गुमटा, गुलमा, ग्रंथि।
gland, swollen gland, protuberance.

गीदड़ (पुं.) शृगाल, सियार।
jackal.

गीला (वि.) आर्द्र, ओदा, तर, तरबतर, तराबोर, नम, भीगा हुआ, लथपथ, सना

हुआ, सीडभरा, सीलन-भरा।
wet, damp, moist, drenched, soaked.

गुंजाइश (स्त्री.) अवकाश, जगह, धारिता, समाई, स्थान।
capacity, accommodation.

गुंजित (वि.) गुंजायमान, प्रतिध्वनित।
echoic.

गुंडई (स्त्री.) गुंडागर्दी, गुंडापन, दादागिरी, नंगई, बदमाशी, मुस्टंडापन, लफंगई, लुच्चापन, शोहदापन।
hooliganism, delinquency, ruffianism.

गुंडा (पुं.) नंगा, बदमाश, लुच्चा, लफंगा, शोहदा।
hooligan, rogue, ruffian, delinquent, scamp, hoodlum.

गुच्छा (पुं०) गुंफ, गुच्छ, मौर, स्तबक।
bunch, cluster.

गुजारना (क्रि.) १. काटना, बिताना।
to pass time.
—२. गुजारा करना (दे.)

गुजारा करना (क्रि.) गुजर-बसर करना, चलाए चलना, निभाना, निर्वाह करना, सींग समाना।
to make both ends meet, to pull on.

गुटबंदी (स्त्री.) जत्थेबंदी, तड़बंदी, दलादली, धड़ेबंदी, पार्टीबाजी।
formation of cliques, cliquishness, cliquism.

गुड़िया (स्त्री.) डाल।
doll.

गुड्डी (स्त्री.) कनकौआ, पतंग।
kite, paper-kite.

गुण (पुं.) अच्छाई, क्वालिटी, खासियत, खूबी, गुणधर्म, गुणवत्ता, बू-बास, लक्षण, विशिष्टता, विशेषता, वैशिष्ट्य, वैशिष्य, सिफ़त।
quality, attribute, merit, property, characteristic.

गुणकारी (वि.) कारगर, कार्यसाधक, फलोत्पादक, फायदेमंद, लाभदायक।
effective.

गुणगान (पुं.) यशोगान, स्तुति, स्तुतिगान।
eulogy.

गुणग्राहक (पुं.) कद्रदान।
one who appreciates.

गुणग्राहकता (स्त्री.) कद्रदानी।
appreciation of merit.

गुणहीन (वि.) निर्गुण, सत्त्वहीन।
without qualities.

गुणी (वि.) गुणवान।
meritorious.

गुदगुदी (स्त्री.) गुदगुदाहट, चुनचुनी, चुल, चुलचुलाहट, सिहरन।
tickling sensation, titillation.

गुदड़ी (स्त्री.) कंथा, कथरी।
patched quilt, beggar's bedding.

गुदा (स्त्री.) गुदा-द्वार, मलद्वार।
anus.

गुप्त (वि.) अप्रकट, अप्रकाशित, अप्रत्यक्ष, अलक्षित, अव्यक्त, खुफ़िया, गुम्मा, गुह्य, गूढ़, गोपनीय, निगूढ़, पोशीदा, प्रच्छन्न, रहस्यपूर्ण।
secret, hidden, latent, confidential.

गुप्तचर (पुं.) गोइंदा, घुसपैठिया, जासूस, भेदिया।
spy.

गुप्तचर्या (स्त्री.) जासूसी।
espionage.

गुफ़ा (स्त्री.) कंदरा, खोह, माँद।
cave, cavern.

गुब्बारा (पुं.) बैलून।
balloon.

गुरुता (स्त्री.) गुरुत्व, भारीपन।
gravity, heaviness, bulkiness.

गुलदस्ता (पुं.) पुष्पगुच्छ, स्तबक।
bouquet.

गुलाबी (वि.) पिंक, प्याज़ी।
pink.

गुस्साना (क्रि.) आगबबूला होना, क्रुद्ध होना, खीज उठना, गुस्से में आना, तमक उठना, झुँझला उठना, त्योरी चढ़ाना, भड़क उठना, भृकुटि चढ़ाना।
to become annoyed, to become

infuriated, to frown.

गूँगा (वि.) १. बेज़बान।
mute, dumb.
–२. चुप (दे.)

गूँज (स्त्री.) अनुनाद, प्रतिध्वनि।
echo, reverberation, resonance.

गूँधना (क्रि.) मलना, मसलना, रूँधना, सानना।
to knead.

गू (पुं.) गुह, छिया, टट्टी, पैखाना, मल।
faeces, stool.

गूदा (पुं.) कचूमर, भुरकस, भुर्ता, मज्जा, मलीदा, लुगदी।
pulp, pith.

गू-मूत (पुं.) टट्टी-पेशाब, मलमूत्र।
human excreta.

गृहस्थ (वि., पुं.) गृही, दुनियादार, संसारी।
householder.

गृहस्थी (स्त्री.) घर-द्वार, घर-बार।
household.

गृहासक्त (वि.) घर-घुस्सू, पलंग-तोड।
homesick.

गेंद (पुं.) कंदुक, गोला।
ball.

गेहुँआ (वि.) गंदुमी।
wheatish, wheaten.

गोजर (स्त्री.) कनखजूरा, छिकनी, शतपदी।
centipede.

गोद (स्त्री.) अंग, अँकवार, आगोश, क्रोड़, गोदी।
lap.

गोदाम (पुं.) कोठार, गोडाउन, भंडार, भंडारगृह।
godown, storehouse.

गोमेद (पुं.) अकीक, सुलेमानी पत्थर।
agate.

गोरा (वि.) गौर, गौरवर्ण।
fair-complexioned.

गोल (वि.) गोल-मटोल, गोलाकार, चक्रिल, मंडलाकार, वृत्ताकार।
circular, spherical.

गोलमाल करना (क्रिपद) अदल-बदल करना, गड़बड़ करना, घपला करना, हेरफेर करना।
to gerrymander.

गोलाबारी (स्त्री.) बमवर्षा।
bombing.

गोष्ठी (स्त्री.) अध्ययन-गोष्ठी, परिचर्चा-गोष्ठी, परिसंवाद-गोष्ठी, विचार-गोष्ठी, संगोष्ठी, सेमिनार।
symposium, seminar.

गोहत्या (स्त्री.) गोकुशी, गोघात, गोवध।
cow-slaughter.

गोहरा (पुं.) उपला, कंडा, कंडी, गोबरी, गोहरी, चिपरी, थपड़ी।
dried cow-dung used as fuel.

गौना (पुं.) दोंगा, द्विरागमन।
a ceremony in which the bride goes to the bridegroom's house first or second time after marriage.

ग्रस्त (वि.) ज़दा।
inflicted.

ग्राहक (पुं.) आसामी, उपभोक्ता, क्रेता, खरीदार, गाहक, भोक्ता, मुवक्किल।
purchaser, buyer, client.

ग्वाला (पुं.) अहीर, आभीर, गोप, गोपाल।

घटना[1] (स्त्री.) अनर्थ, कांड, दुर्घटना, वाका, वाक्या, वारदात, हादसा, विनाशलीला।
accident, untoward incident.

घटना[2] (वि.) घटित होना, हो जाना।
to occur, to happen.

घटना-क्रम (पुं.) घटना-चक्र।
succession of events.

घटना-बढ़ना (क्रिपद) उतार-चढ़ाव आना, कमती-बेशी होना, घट-बढ़ होना, घटती-बढ़ती होना, घटाव-बढ़ाव होना।
to rise and fall, to fluctuate.

घटा (स्त्री.) घटाटोप, दलबादल, मेघमाला, मेघावली।
mass of clouds.

घटिया (वि.) खराब, खराब किस्म का, निकृष्ट, बेकार, रद्दी, हलका, हलके दर्जे का।

inferior quality.

घड़ा(पुं.) कलश, कुंभ, घट।
pitcher.

घना(वि.) गाढ़, घनघोर, निबिड़, प्रगाढ़।
thick, dense.

घनिष्ठ (वि.) अंतरंग, अंतरतम, अभिन्न, जिगरी, गहरा, दिली, पक्का, प्रगाढ़, लँगोटिया।
intimate, close, fast.

घनिष्ठता(स्त्री.) अभिन्नता, घिसपिस, गहरी दोस्ती, मेलजोल, रब्त-जब्त, सौहार्द, हेल-मेल।
intimacy.

घपलेबाज(वि.) गड़बड़िया, घोटालेबाज, घोटालेवाला।
bungler.

घबराना(क्रि.) अकुलाना, अधीर होना, उद्विग्न होना, कुलबुलाना, घबरा जाना, चकपकाना, परेशान होना, विकल होना, व्याकुल होना, सिटपिटाना, हकबकाना।
to be non-pulssed, to be confused.

घबराहट(स्त्री.) अकुलाहट, अधीरता, उद्विग्नता, कुलबुलाहट, क्षोभ, परेशानी, विह्वलता, व्याकुलता, संक्षोभ।
perplexity, nervousness, perturbance.

घर(पुं.) आलय, आवास, गरीबखाना, गृह, घरौंदा, डेरा, दौलतखाना, धाम, निकेत, निकेतन, निलय, निवास, निवेश, भवन, मकान, वास, वासस्थान, सदन।
house, abode, residence.

घाटी(स्त्री.) उपत्यका, तलहटी, दरी।
valley, vale.

घातक(वि.) अनिष्टकारी, कातिलाना, घालक, जानलेवा, जालिमाना, नाशक, प्राणघातक, मर्मांतक, बुरा, विध्वंसक, विनाशक, संघातक।
fatal, baneful, pernicious, destroyer.

घायल (वि.) आहत, चुटीला, चुटैल, जख्मी, मर्माहत, विक्षत, व्रणित, विद्ध।
wounded.

घाव(पुं.) क्षत, चोट, चोट-चपेट, जख्म, जरब, व्रण।
wound, injury.

घिरना(क्रि.) घेराबंदी होना, छिकना, फँसना।
to be encircled.

घिसी-पिटी बात(स्त्री.) पिष्टोक्ति।
cliche.

घुँघराला (वि.) कुंचित, छल्लेदार, लहरदार, लहरिल।
curly, ringed, curled.

घुटन(स्त्री.) दमघुटी, श्वासावरोध, साँसत।
suffocation.

घुड़की(स्त्री.) चेतावनी, झिड़की, बंदरघुड़की, धमकी।
reprimand, admonition.

घुड़सवार (पुं.) अश्वारोही, घुड़चढ़ा, शहसवार।
horse-rider.

घुमक्कड़(वि., पुं.) आवारा, घुमंतू, छुट्टा, निभर-घट, पर्यटक, भ्रमणशील, मटरगश्त, यायावर, रमता (योगी), लोफर, सैलानी, सैलानी तबीयत का।
roving, wandering, rover, wanderer, nomad.

घुमाना(क्रि.) १. फेरना, मोड़ना।
to turn round.
—२. घुमाना-फिराना, टहलाना।
to take round.

घुमाव(पुं.) चक्कर, मोड़।
bend.

घुसना(क्रि.) अंदर जाना, दाखिल होना, घुसपैठ करना, प्रविष्ट होना, प्रवेश करना।
to thrust into.

घुसेड़ना (क्रि.) कोंचना, खोंसना, गड़ाना, गोदना, घोंपना, चुभाना, चुभोना, धँसाना, बींधना, भोंकना।
to thrust into, to pinch, to prick.

घूँघट (पुं.) परदा, पल्ला, पल्लू।
veil.

घूँघट करना(क्रिपद) परदा करना, परदे में रहना।
to veil, to keep oneself in veil.

घूँट(पुं.) चुस्की।
draught, sip.
घूमना(क्रि.) १. घूमना-फिरना, टहलना, देशाटन करना, पर्यटन करना, भ्रमण करना, रमना, विचरण करना, व्रजन करना, सैर करना, सैर-सपाटा करना।
to walk about, to stroll.
–२. मुड़ना।
to take a turn.
–३. चक्कर लगाना
to rotate, to revolve.
घूरना(वि.) आँख-भौं चढ़ाना, आँखें तरेरना, आँखें दिखाना, आँखें फाड़-फाड़कर देखना, आँखों से खून टपकना, गुरेरना, तरेरना, तीक्ष्ण दृष्टि से देखना, त्योरी चढ़ाना, भौंहें टेढ़ी करना, लाल-पीली आँखें दिखाना।
to frown, to stare angrily.
घृणा(स्त्री) घिन, गर्हणा, चिढ़, जुगुप्सा, नफरत, विकर्षण, वितृष्णा, हिकारत।
hate, hatred, scorn, abhorrence, aversion, repulsion.
घृणा करना(क्रिपद) घिनाना, चिढ़ना, नफरत करना, वितृष्णा होना।
to hate, to abhor .
घृणित(वि.) अरुचिकर, कुत्सित, गर्हणीय, गर्हित, गर्ह्य, घिनौना, घृणास्पद, जुगुप्सित, वीभत्स, विरक्तिकर।
contemptible, despicable, disgusting.
घेरना(क्रि.) घेरघार करना, घेर लेना, घेरा डालना, घेराव करना, घेरेबंदी करना, छेंकना।
to surround, to encircle.
घेरेबन्दी(स्त्री.) नाकेबंदी।
blockade, siege.
घोंसला(पुं.) आशियाना, नीड़।
nest.
घोटाला(पुं.) गड़बड़झाला, गबन, घपला, हेराफेरी।
bungling.
घोड़ा(पुं.) अश्व, तुरंग, वाजि, हय।
horse.
घोर(वि.) १. उत्कट, दारुण, प्रचंड, भीषण, मरणांतक, मर्मांतक, विकट।
fierce and excessively terrible, awful.
–२. भयानक (दे.)
घोर शत्रु(पुं.) खून का प्यासा, जान का वैरी, जानी दुश्मन।
terrible opponent.
घोषणा(स्त्री.) एलान, ख्यापन, प्रख्यापन, मुनादी।
announcement, declaration.
चंचल(वि.) १. खिलवाड़ी, चपल, चुलबुला, नटखट।
playful.
–२. अस्थिर (दे.)
चंचलता(स्त्री.) १. चपलता, चापल्य, चुलबुलापन।
playfulness.
–२. अस्थिरता (दे.)
चंचु-प्रवेश(पुं.) ऊपरी जानकारी, छिछली जानकारी, पल्लवग्राहिता।
smattering.
चंदन(पुं.) संदल।
sandal.
चंद्रमा(पुं.) इंदु, चंद्र, चंदा, चंदामामा, चाँद, मयंक, महताब, रजनीश, राकेश, विधु, शशांक, शशि, सुधांशु, सुधाकर, हिमकर, हिमांशु।
moon.
चँवर(स्त्री.) मुरछल।
whisk.
चकित(वि.) अचंभित, आश्चर्यचकित, आश्चर्यान्वित, चकराया हुआ, चमत्कृत, भौंचक्का, मुँह बाए हुआ, विस्मित, व्यामोहित, सन्न, स्तंभित, स्तब्ध, हतप्रभ, हतबुद्धि, हैरान।
amazed, astonished, taken aback, astounded, aghast, alarmed, stunned, wonder-struck.
चकित होना(क्रिपद) अकचकाना, आश्चर्यचकित होना, आश्चर्य में पड़ जाना, चकपकाना, चौंक उठना, ताज्जुब होना,

दंग रह जाना, भकुआना, भौंचक्का हो जाना, भ्रमित होना, भ्रांत होना, मुँह बा देना, विभ्रमित होना, विस्मित होना, व्यामोहित होना, सकपका जाना, सन्न हो जाना, सुध-बुध खो बैठना, हक्का-बक्का हो जाना, हतप्रभ होना, हतबुद्धि होना, हैरान हो जाना, हैरान होना, होश उड़ जाना, होश-हवास उड़ जाना।
to be non-plussed, to be confounded.

चक्कर (पुं.) १. गश्त, दौरा, फेरा, फेरी।
round.
—२. घुमटा, घुमेरी।
giddiness.
—३. घुमाव-फिराव, फेर।
detour, circuitous route.

चक्करदार (वि.) उलझा हुआ, घुमावदार, घुमाव-फिराववाला, चक्राकार, पेचदार, पेचीदा, पेचीला, फेरदार, सर्पिल।
meandering, circuitous.

चखना (क्रि.) १. स्वाद देखना, रस लेना।
to taste.
—२. मजा लेना (दे.)

चट्टान (स्त्री.) शिला, शैल।
rock, clint.

चढ़त (स्त्री.) चढ़ावा।
offering to a deity.

चढ़ना (क्रि.) १. ऊपर उठना, ऊँचा होना।
to rise.
—२. आरूढ़ होना, आसीन होना।
to ride, to occupy.

चढ़ाव (पुं.) चढ़ाई, चढ़ान।
ascent, climb.

चतुर (वि.) कुशल, चालाक, दक्ष, निपुण, नीतिकुशल, पटु, प्रवीण, सयाना, होशियार।
clever, adroit, shrewd, skilled, tactful.

चतुरता (स्त्री.) कौशल, कुशलता, चतुराई, चालाकी, पटुता, दक्षता, निपुणता, प्रवीणता, सयानपन, होशियारी।
cleverness, shrewdness, adroitness.

चपटा (वि.) चौरस, सपाट, समतल।
flat.

चपत (स्त्री.) चाँटा, झापड़, तड़ी, तमाचा, थप्पड़, धौल, पटाका, लप्पड़।
slap, box.

चपतियाना (क्रि.) चपत देना/लगाना/रसीद करना, चाँटा जड़ना/लगाना, तमाचा मारना/लगाना, थप्पड़ मारना/लगाना, धौल जमाना।
to slap.

चबाना (क्रि.) चर्वण करना, जुगाली करना।
to chew, to masticate.

चमक (स्त्री.) कांति, कौंध, चमकारा, दमक, दीप्ति, द्युति, रौनक, लहक।
shine, flash, brightness, gleam.

चमक-दमक (स्त्री.) १. चकाचौंध, चौंधियाहट।
dazzle.
—२. तड़क-भड़क (दे.)

चमकना (क्रि.) १. चमचम करना, चमचमाना, जगमगाना, झलझल करना, झलझलाना, दमकना, लहकना।
to shine, to glitter, to gleam.
—२. भड़कना (दे.)
—३. पनपना (दे.)

चमकाना (क्रि.) चमचमा देना, चिकनाना, जगमगा देना, झलझल करने लगना, दमकाना, लहकाना।
to brighten.

चमकी (स्त्री.) सितारा।
paillette.

चमकीला (वि.) कांतिमान, उज्ज्वल, चमकता हुआ, चमकदार, चमचम, चमचमाता हुआ, चमाचम, जाज्वल्यमान, झकाझक, तेजोमय, दमकता हुआ, दीप्तिमान, देदीप्यमान, धवल, प्रकाशमान, प्रदीप्त, भड़कदार, भड़कीला, भास्वर, शुभ्र।
bright, shining, glittering, gleaming, resplendent.

चमचा (पुं.) गुरगा।
henchman, sycophant.

चमड़ी (स्त्री.) खाल।
skin.

चमत्कार (पुं.) अचंभा, अचरज, करतब, करामात, करिश्मा, कौतुक, विलक्षणता।
miracle, feat, curious phenomenon.

चमत्कारिक (वि.) अद्भुत, आश्चर्यजनक, अलौकिक, करामाती, दिव्य, लोकोत्तर।
miraculous.

चमेली (स्त्री.) जूही, नवमल्लिका, माधवी, मालती, मल्लिका, यूथिका।
jasmine.

चयनित (वि.) चुनवाँ, चुनिंदा, निर्वाचित, संकलित।
selected, chosen.

चरणकमल (पुं.) पदारविंद।
lotus-like feet.

चरणस्पर्श (पुं.) पालागन, पैरीपौना।
touching of someone's feet.

चरम (वि.) परम, सर्वोपरि।
absolute.

चरवाहा (पुं.) गड़ेरिया, गोप।
grazier, shepherd.

चरागाह (स्त्री.) गोचर-भूमि, चरी।
pasture land.

चराचर (वि.) चलाचल, जड़-जंगम।
movable and immovable.

चरित्र (पुं.) आचरण, चाल-चलन, चाल-ढाल, शील।
character, conduct, disposition.

चरित्रबल (पुं.) आत्मबल, चारित्रिक दृढ़ता, जीवट।
force of character.

चरित्रवान (वि.) पुण्यश्लोक, भला, शीलवान, सच्चरित्र।
possessing a character.

चरित्रहीन (वि.) चरित्रभ्रष्ट, दुराचारी, दुरात्मा, दुर्वृत्त, दुश्चरित्र, बेउसूल, भ्रष्ट, भ्रष्टाचारी, बदमाश।
characterless, unprincipled, immoral, vile.

चर्चा (स्त्री.) उल्लेख, जिक्र, वर्णन।
mention, reference to some topic.

चलता (वि.) चल, चलतू, प्रचलित।
current, prevalent.

चलन (पुं.) प्रथा, प्रचलन, रिवाज, रीति।
prevalence, custom.

चलना (क्रि.) १. घूमना, टहलना।
to walk.
–२. रवाना होना, छूटना।
to start, to depart.

चलाना (क्रि.) कार्यसंचालन करना, परिचालन करना, परिचालित करना, संचालन करना, संचालित करना, हाँकना।
to do, to operate, to run.

चश्मा (पुं.) ऐनक, चक्षुक, द्विनेत्री।
pair of spectacles.

चहचहाना (क्रि.) किलकारी मारना, किलकिलाना, कूजना, चहकना, चिरचिर करना, चेंचें करना, टेंटें करना।
to chirp.

चहल-पहल (स्त्री.) गहमागहमी, धूम-धड़का, धूमधाम, सरगर्मी।
bust-up, gaiety, razzle, zeal & enthusiasm.

चहारदीवारी (स्त्री.) चतु:सीमा, प्राचीर।
boundary, boundary wall.

चाँदनी (स्त्री.) कौमुदी, चंद्रप्रभा, चंद्रहास, चंद्रिका, जुन्हाई, ज्योत्स्ना।
moonlight, moonshine.

चाँदी (स्त्री.) रजत, रूपा, रौप्य।
silver.

चादर (स्त्री.) ओढ़नी, दुपट्टा।
over-all-cover of a woman.

चापलूस (वि.) खुशामदी, खुशामदी टट्टू, चाटुकार, मिथ्याप्रशंसक।
flatterer, sycophant.

चापलूसी (स्त्री.) खुशामद, चाटुकारिता, चाटुकारी, चिकनी-चुपड़ी बातें, जी हजूरी, झूठी प्रशंसा, ठकुरसुहाती, चटई, मिथ्यास्तुति, लल्लो-चप्पो।
flattery, sycophancy, adulation, cajolery, wheedling.

चापलूसी करना (क्रिपद) खुशामद करना, चाटुकारी करना, चापलूसी करना, मक्खन लगाना, मसका लगाना,

लल्लो-चप्पो करना।
to flatter, to butter.

चारपाई (स्त्री.) खाट, खटिया, खटोला, पर्यंक, पलंग, मसहरी, शय्या, सेज।
cot, bed, bedstead.

चारा (पुं.) लासा।
lure, bait.

चारो ओर (क्रिवि.) चारों तरफ, चौतरफा, परितः।
on all sides, around.

चालक (पुं.) ड्राइवर, प्रचालक, संचालक, संवाहक।
driver, conductor.

चालन (पुं.) निर्वहण, परिचालन, संचालन, संवहन।
conduction.

चालना (क्रि.) छानना, पछोरना, फटकना।
to sieve, to sift.

चालाक (वि.) १ उस्ताद, काँइयाँ, चंट, चघड़, चतुर, चालबाज, छत्तीसा, तिकड़मबाज, तिकड़मी, विदग्ध, सयाना, होशियार।
crafty, cunning, artful, clever.
–२ धूर्त (दे.)

चालाकी (स्त्री.) काँईयाँपन, चतुरता, चतुराई, चातुरी, चातुर्य, चालबाजी, छक्का-पंजा, जोड़-तोड़, तिकड़म, तिकड़मबाजी, पंजा-छक्का, विदग्धता, सयानापन, स्यानप, होशियारी।
craftiness, cunning, cleverness, trickery.

चालू (वि.) गतिशील, चलता हुआ, चलित, जारी, प्रचलित, लागू।।
in force, current, prevalent.

चाहना (क्रि.) इच्छा होना, उत्कंठित होना, चाह होना, तरसना, ललकना, लालायित होना, लालसा होना।
to desire, to crave for, to pine for.

चिंतक (पुं.) दार्शनिक, मनीषी, विचारक, सोचनेवाला।
thinker, philosopher.

चिंतन (पुं.) प्रणिधान, मंथन, मनन, विचारणा, सोच, सोच-विचार।
thinking, meditation, contemplation.

चिंता (स्त्री.) अकुलाहट, उद्वेग, दुश्चिंता, फिक्र, बेचैनी, सोच।
anxiety, uneasiness, restlessness.

चिंताजनक (वि.) गंभीर, चिंतनीय, डाँवाडोल, नाजुक, शोचनीय, शोच्य, संकटपूर्ण, संकटमय, संकटापन्न।
critical, serious, grave, causing anxiety.

चिंतित (वि.) उद्विग्न, चिंताग्रस्त, चिंतातुर, चिंतामग्न, परेशान, फिक्रमंद, बेचैन, बेताब, विचारमग्न, व्यग्र, व्याकुल, व्यथित।
worried, anxious, concerned, disturbed, restless.

चिंतित रहना (क्रिपद) कुढ़ते रहना, कुढ़ना, परेशान रहना, सुलगते रहना, सुलगना, सोच में पड़े रहना, सोचते रहना।
to be anxious, to brood, to feel uneasy.

चिक (स्त्री.) चिलमन।
curtain made of bamboo strips.

चिकना (वि.) चिकना-चुपड़ा, तेलहा, स्निग्ध।
oily, smooth.

चिकनाहट (स्त्री.) चिकनाई, चिकनापन।
oiliness, butteriness.

चिकित्सा (स्त्री.) इलाज, उपचार, दवा, दवा-दारू, निदान।
treatment, remedy, nursing.

चिकित्सालय (पुं.) अस्पताल, उपचारगृह, दवाघर, निदानगृह, निदानशाला।
clinic.

चिकित्स्य (वि.) उपचार्य, साध्य।
curable.

चिटकनी (स्त्री.) सिटकिनी।
bolt, latch.

चिड़चिड़ा (वि.) नाजुकमिजाज, तुनुकमिजाज, तेजमिजाज, बदमिजाज।
fretful, peevish, irritable.

चिड़चिड़ापन (पुं.) चिड़चिड़ाहट, तुनुकमिजाजी, बदमिजाजी।

fretfulness, peevishness.

चिड़ियाघर (पुं.) चिड़ियाखाना, जन्तुशाला।
zoo, zoological garden.

चिढ़ (स्त्री.) १. चिढ़ौनी, छेड़।
teasing nickname.
–२. घृणा (दे.)

चिढ़ना (क्रि.) कुढ़ना, खीझना, चिड़चिड़ाना।
to be irritated.

चितकबरा (वि.) गंगा-जमुनी, चित्तीदार, तिल-चावला।
spotted.

चितवन (स्त्री.) कनखी।
glance.

चित्र (पुं.) तस्वीर, तैलचित्र, फोटो।
picture, painting, portrait, photo.

चित्रण (पुं.) अंकन, चित्रांकन।
act of painting, delineation.

चिथड़ा (पुं.) कथरी, गूदड़, चीवर, लत्ता।
rag, tatter.

चिथड़े करना (क्रिपद) चिथड़े उड़ाना, तार-तार करना, धज्जियाँ उड़ाना, धुर्रे उड़ाना।
to tear to pieces.

चिनगारी (स्त्री.) चिंगारी, चिनगी, स्फुलिंग।
spark.

चिन्हानी (स्त्री.) निशानी।
token of remembrance.

चिपकना (क्रि.) चिपटना, जुड़ना, लिपटना, सटना।
to cling.

चिपचिपा (वि.) गोंदीला, चेपदार, पिचपिचा, लसलसा, लिजलिजा, लिबलिबा, लिसलिसा, लसदार।
sticky, viscous.

चिपचिपाहट (स्त्री.) चेप, लसलसाहट।
stickiness, viscosity.

चिरंजीव (वि.), आयुष्मान, चिरंजीवी, चिरजीवी, चिरायु, दीर्घजीवी, दीर्घायु।
long-living.

चिरयुवा (वि.) वार्धक्यहीन, सदा जवान।
ageless.

चिरौरी (स्त्री.) अनुनय, अनुनय-विनय, गिड़गिड़ाहट, निहोरा, मिन्नत, याचना, विनती।
entreaty, beseeching, imploring.

चिरौरी करना (क्रिपद) अनुनय करना, गिड़गिड़ाना, चिचियाना, निहोरा करना, मिन्नत करना, याचना करना, रिरियाना, विनती करना, हाथ-पैर जोड़ना।
to entreat, to beseech, to implore.

चिल्लाना (क्रि.) गला फाड़ना, घर को सिर पर उठाना, चिचियाना, चीखना, चीखना-चिल्लाना, टर्राना, शोरगुल करना, शोर मचाना, हल्ला करना।
to cry, to vociferate.

चिह्न (पुं.) अलामत, चिह्न, निशान, मार्का, लक्षण।
mark, sign.

चीख (स्त्री.) चिल्लाहट, चीत्कार, डाड, धाड़, पुकार।
scream, shriek.

चीखना (क्रि.) कराहना, चिल्लाना, चीत्कार करना, झल्लाना, धाड़ मारना, रोना-पीटना।
to scream, to shriek.

चीख-पुकार (स्त्री.) चीख-चिल्लाहट।
screaming out for help.

चीज (स्त्री.) जिंस, वस्तु, शै।
thing, article, item, commodity.

चीर-फाड़ (स्त्री.) अंगविच्छेदन, आपरेशन, व्यवच्छेदन, शल्यकर्म, शल्यक्रिया।
surgical operation, anatomy, dissection.

चीरा लगाना (क्रिपद) आपरेशन करना, चीरना, चीर-फाड़ करना, नश्तर लगाना, शल्यकर्म करना।
to operate, to lance.

चुंधा (वि.) चौंधर।
having very small eyes.

चुंबन (पुं.) चुम्मा, बोसा, मीठी।
kiss.

चुकता (वि.) अदा, परिशोधित, बेबाक।
paid up, repaid.

चुकाना (क्रि.) अदा करना, चुकता करना, परिशोधन करना, परिशोधित करना।
to repay.

चुटकुला (पुं.) फुलझड़ी, मजाक, लतीफा, शोशा।
titbit, joke.

चुड़ैल (स्त्री.) डाकिनी, डायन।
witch.

चुनट (स्त्री.) चुनन, चुन्नट।
ruffle.

चुनना (क्रि.) चयन करना, चयनित करना, चुनाव करना, छाँटना, निर्वाचन करना, निर्वाचित करना, पसंद करना, प्रवरण करना, बिनना, वरण करना।
to choose, to select, to elect.

चुनाव (पुं.) चयन, छँटाई, छँटाव, छाँट, निर्वाचन, वरण।
selection, election, choice.

चुनौती (स्त्री.) आवाहन, आह्वान, ललकार।
challenge.

चुनौती देना (क्रिपद) आह्वान करना, ललकारना।
to challenge.

चुप (वि.) खामोश, निरुत्तर, मूक, मौन।
silent, hushed, mute ., quiet, still.

चुपचाप (क्रिवि.) गुपचुप, गुप्त रूप से, चुपके से, चुपचुपाते, चोरी-छिपे, बिना शब्द किए, मौन धारण किए, शांति भाव से।
secretly, clandestinely.

चुपड़ना (क्रि.) घी लगाना, तर करना।
to apply butter/ghee.

चुप रहना (क्रिपद) चुप्पी साधना, सी न करना, मुँह न खोलना, मुँह बंद रखना, शांत बने रहना, मूक हो जाना, मौन धारण करना, मौन रहना।
to be silent, to be quiet.

चुप्पा (वि.) गुमसुम, घुन्ना, मौसना।
choosing to hide one's intentions, secretive.

चुप्पी (स्त्री.) खामोशी, निःशब्दता, निस्तब्धता, नीरवता, मौन, सन्नाटा।
silence, reticence.

चुभना (क्रि.) खटकना, गड़ना, धँसना।
to prick, to pinch.

चुभाना (क्रि.) गड़ाना, घुसेड़ना, घोंपना, भोंकना।
to prick, to pinch.

चुराना (क्रि.) अपहरण करना, उड़ा देना, उड़ा लेना, खसोटना, ठगना, मोल कर जाना, चोरी करना, छलना, झटकना, ठगना, तिड़ी कर देना, मूसना, हरण करना, हर लेना।
to steal.

चूकना (क्रि.) असफल होना, खोना, चूक जाना, वंचित होना, विफल होना।
to lose, to miss.

चूड़ी (स्त्री.) कंकण, कंगन, कड़ा, वलय।
bracelet.

चूड़ीवाला (पुं.) चूड़ीवाली (स्त्री.) मनिहार, मनिहारिन (स्त्री.)।
bangle-seller.

चूतड़ (पुं.) कूल्हा, नितंब, पाछा, पुट्ठा, पृष्ठभाग।
bum, buttock(s).

चूना (क्रि.) टपकना, टपटपाना, रिसना।
to ooze, to leak.

चूमना (क्रि.) अधरपान करना, चुंबन करना, चुंबन लेना, चुम्मा लेना, चूम लेना, बोसा लेना।
to kiss.

चूरचूर (वि.) क्षत-विक्षत, खंडखंड, चकचूर, चकनाचूर, टुकड़े-टुकड़े, विखंडित।
broken into pieces, broken into fragments.

चूर्ण (पुं.) चूरा, बुकनी।
powder.

चूल्हा (पुं.) अँगीठी, दमकला, दमचूल्हा, बोरसी।
fireplace, oven, hearth.

चूहा (पुं.) चुहिया (स्त्री.) चूही (स्त्री.) मूषक, मूषिका (स्त्री), मूस।
rat, mouse.

चेचक (स्त्री.) खसरा, माता।

measles.

चेतन (वि.) चिन्मय, जाग्रत, सचेत।
conscious.

चेतना(स्त्री.) चैतन्य, चैतन्यता, जमीर, भान, संज्ञा, सुधबुध, होश, होश-हवास, हवास।
consciousness.

चेतनाहर (वि.) निश्चेतक, संज्ञाहर।
anaesthetic.

चेताना(क्रि.) चेतावनी देना, जताना, सचेत करना, सतर्क करना, सावधान करना, होशियार करना।
to warn, to tell someone to be careful, to caution.

चेतावनी(स्त्री.) उद्‌बोधन, खबरदारी, तंबीह, प्रबोधन।
warning, caution.

चेला(पुं.) १. चट्टा, चेला-चाँटा, शागिर्द, शिष्य।
pupil, disciple.
–२. अनुगामी (दे.)

चेहरा(पुं.) आनन, मुख, मुखड़ा, मुखमंडल, मुखाकृति, वदन।
face, countenance.

चेहरा-मोहरा(पुं.) रंग-रूप, सूरत-शक्ल, स्वरूप।
features of the face.

चोंच (स्त्री.) चंचु।
beak, bill.

चोटी(स्त्री.) १. शिखर, शीर्ष, शृंग, शेखर।
opex, top.
–२. तुर्रा, शिखा।
crest.
–३. परांदा।
a string for tying hair.

चोटीदार(वि.) चुटियावाला, शिखाधारी, शिखावान।
barbate.

चोर(पुं.) उचक्का, काइयाँ, चाइयाँ, चोट्टा, ठग, डकैत, डाकू, दस्यु, बटमार, राहजन, लुटेरा, सेंधमार, हथफेर।
thief, sharper, robber, bandit, pirate, plunderer.

चोरी (स्त्री.) उचक्कागिरी, चोट्टापन, ठगी, ठगपना, डकैती, डाका, डाकाजनी, दस्युता, दस्युवृत्ति, बटमारी, लूट, लूटमार, हथफेरी।
thievery, thieving, robbery, stealing, pilfering, banditry.

चोली(स्त्री.) अँगिया, कंचुकी, कुर्ती, जंपर।
blouse.

चौंकना (क्रि.) चिहुँक उठना, चौंक उठना, हकबकाना।
to be startled, to be astounded, to be alarmed, to be taken aback.

चौकी(स्त्री.) तख्त।
a kind of Indian bench.

चौकोर(वि.) आयताकार।
square.

चौड़ा(वि.) विस्तीर्ण, विस्तृत।
wide, broad.

चौड़ाई(स्त्री.) अर्ज़, चौड़ान, विस्तार।
breadth.

चौतरफ़ा (वि.) चतुर्दिक, चतुर्विध, चारो ओर होनेवाला, चौमुखी, सर्वांगीण।
all-round.

चौथा(वि.) चौथाई।
fourth.

चौराहा(पुं.) चौक।
crossing, intersection.

च्युत(वि.) गिरा हुआ, पतित, विच्युत, विस्थापित, स्थानभ्रष्ट।
displaced, fallen off.

छंगा (वि.) छंगुर।
having six fingers in a palm.

छँटनी(स्त्री.) अलगाव, छँटाई, छाँट, पृथक्करण।
act of pruning, separation, retrenchment.

छकड़ा(पुं.) ठेला, बैलगाड़ी, शकट, सग्गड़।
cart.

छकना(क्रि.) अघाना, तृप्त होना, तुष्ट होना।
to be satiated.

छड़(पुं.) सरिया।
iron bar.

छड़ी (स्त्री.) डंडा, बेंत, यष्टि, लकुटी, लट्ठ,

लाठी, सोंटा।
stick.
छत (स्त्री.) छत्त, छप्पर, छाजन, पाटन।
roof, ceiling.
छद्मवेश (पुं.) कपटरूप, छद्मावरण, स्वाँग।
disguise, camouflage.
छपाई (स्त्री.) प्रिंटिंग, मुद्रण।
printing.
छलकना (क्रि.) छलक जाना, छलछलाना, बिखरना।
to spill.
छलना (क्रि.) १. चार सौ बीसी करना, छलबल करना, जटना, ठगना, बेईमानी करना, वंचित करना।
to deceive, to cheat.
–२. धोखा देना।
छलांग (स्त्री.) कुदकड़ा, कुदान, कुलाँच, कूद।
leap, jump, somersault.
छली (वि., पुं.) कपटी, छलिया, ठग, ढोंगी, दंभी, धूर्त, बेईमान, मायावी, वंचक।
cheat, treacherous, tricky.
छाक (स्त्री.) मध्याह्न-भोजन, लंच।
lunch.
छाछ (स्त्री.) लस्सी।
butter milk.
छाता (पुं.) छतरी, छत्र।
umbrella.
छाती (स्त्री.) उर, वक्ष, वक्षस्थल, सीना।
chest, breast.
छाना (क्रि.) छतना, छप्पर/छाजन डालना, पाटना।
to put a roof on a room or house, to thatch.
छाप (स्त्री.) १. ठप्पा, थापा।
–२. प्रभाव (दे.)
impression.
छापना (क्रि.) १. प्रकाशित करना, विज्ञापित करना।
–२. मुद्रित करना।
to print, to imprint.
छापाखाना (पुं.) छपाई-घर, छापाघर, प्रिंटिंग प्रेस, प्रेस, मुद्रणालय।
printing house, press.
छापामार-लड़ाई (स्त्री.) गुरिल्ला-युद्ध।
guerilla warfare.
छाया (स्त्री.) १. छाँव, छाँह।
shade.
–२. परछाँवा, परछाईं, प्रतिच्छाया, प्रतिबिंब, साया।
shadow, reflection.
छाल (स्त्री.) छिलका, बकल, वल्क, वल्कल।
bark.
छाला (पुं.) झलका, फफोला।
blister.
छिछला (वि.) १. उथला।
shallow.
–२. ओछा, हलका।
trivial, shallow.
छिटपुट (वि.) १. कोई-कोई, बहुत कम।
very few.
–२. यहाँ-वहाँ (दे.)
छिड़कना (क्रि.) छिड़काव करना, तर करना, सिंचन करना, सींचना।
to sprinkle.
छिदना (क्रि.) छेदा जाना, बिंधना, बेधा जाना।
to be pierced.
छिद्रान्वेषण (पुं.) गलतियाँ ढूँढ़ना, दोषदर्शन, नुक्ताचीनी।
fault-finding.
छिद्रान्वेषी (वि.) दोषग्राही, दोषदर्शी, दोषाग्रही, दोषान्वेषी, नुक्ताचीन।
fault-finder.
छिद्रिल (वि.) छिद्रित, छेददार, झरझरा, सच्छिद्र, सूराखदार।
porous, bored, perforated.
छिन्न-भिन्न (वि.) चूर-चूर, टुकड़े-टुकड़े, तार-तार।
broken and scattered, torn into shreds.
छिपना (क्रि.) आड़ में हो जाना, ओट में हो जाना, छिप जाना, दुबक जाना, लुकना।
to hide.

छिपाना (क्रि) चुरा लेना, ढक लेना, दबा लेना, दुराना, परदा डालना, प्रच्छन्न रखना।
to conceal, to hide.

छिलका (पुं.) छोई, भूसी।
peel.

छीनना (क्रि.) उचक लेना, उड़ा लेना, खसोटना, छीन लेना, छीना-झपटी करना, झँसना, झटकना, झटक लेना, झपटना, झपट लेना, दबाना, दबा लेना, नोचना, नोच लेना, मारना, मार लेना, लूटना, लूट लेना, हड़पना, हड़प जाना, हड़प लेना, हथियाना, हथिया लेना।
to snatch, to wrench, to wrest, to grab.

छीना-झपटी (स्त्री.) खसोटा-खसोटी, छीन-झपट, नोच-खसोट, नोचानोची।
mugging.

छुआ-छूत (स्त्री.) छूत-छात।
untouchability.

छुटकारा (पुं.) उद्धार, उन्मोचन, खलासी, निजात (नजात), निस्तार, परित्राण, फरागत, मुक्ति, मोक्ष, मोचन, रिहाई।
riddance, release, redemption, relief.

छुटकारा मिलना (क्रिपद) उद्धार होना, छुट्टी मिलना, छुट्टी हो जाना, निजात मिलना, निस्तार होना, मुक्ति मिलना, मोक्ष मिलना, रिहाई होना।
to get relief, to get free.

छुटाई (स्त्री.) लघुता, लघुत्व, लाघवता।
smallness.

छुट्टी (स्त्री.) अनध्याय, तातील, रुखसत।
1. off-day, holiday. 2. leave.

छूना (क्रि.) टटोलना, परसना, स्पर्श करना, हाथ लगाना।
to touch.

छेड़खानी (स्त्री.) चुहुल, चुहुलबाजी, छेड़-छाड़।
teasing.

छेड़ना (क्रि.) उँगली देना, कोचना, खिझाना, चिढ़ाना, चुहुल करना, छेड़खानी करना, छेड़छाड़ करना, तंग करना, परेशान करना, मजाक करना, व्यंग्य करना।
to tease, to vex, to irritate, to provoke.

छेद (पुं.) छिद्र, झिरी, दरार, द्वारक, बिल, मुँह, रंध्र, विवर, सुराख।
hole, bore, crevice.

छेदना (क्रि.) कोचना, गड़ाना, गोदना, चुभाना, छिद्र करना, छेद करना, धँसाना, बींधना, बेधना, भेदन करना, रंध्र करना, वेधन करना।
to pierce, to bore, to drill, to penetrate.

छैला (वि., पुं.) अलबेला, छबीला, छैल-छबीला, ठाठदार, फैशनपरस्त, फैशनबाज, बना-ठना, बाँका, रँगीला, शौकीन।
fop, foppish, fashionable.

छैलापन (पुं.) अलबेलापन, छबीलापन, ठाठदारी, ठाठबाट, फैशनपरस्ती, फैशनबाजी, बाँकपन, रँगीनी, रँगीलापन, शौकीनी।
foppishness, fashionableness.

छोटा (वि.) १. अवर, कनिष्ठ, जूनियर, ठिगना, नन्हा, नाटा, लघु, लव।
small, junior.
–२. तुच्छ। (दे.)

छोड़ देना (क्रिपद) १. छोड़ना, तजना, तिलांजलि देना, त्याग देना, त्यागना, निकाल देना, परित्याग करना, परित्यागना, फारखती देना, संबंध तोड़ लेना, संबंध विच्छेद करना।
to abandon, to discard, to forgo, to relinquish, to desert, to forsake, to quit, to renounce.
–२. क्षमा कर देना, बरी करना, माफी देना, रिहा कर देना।
to absolve, to set free, to forgive, to pardon, to acquit.

छौंकना (क्रि.) छौंक लगाना, तड़कना, तड़का लगाना, बघारना।
to season lentils, vegetables etc.

जंगली (वि.) १. वन्य, बनैला।
savage, wild.

—२. बर्बर (वि.)

जंगी जहाज (पुं.) रणपोत।
warship, corvette.

जंघा (स्त्री.) उरु।
thigh.

जँचना (क्रि.) आकर्षक लगना, दिलकश लगना, प्रिय लगना, फबना, भला लगना, शोभा देना, सुंदर लगना, सुशोभित होना, सोहना।
to appear comely.

जंजीर (स्त्री.) चैन, लड़ी, शृंखला, साँकल।
chain.

जटिल (वि.) उलझा हुआ, पेचीदा, पेचीला।
intricate, complicated.

जटिलता (स्त्री.) उलझन, उलझाव, गूढ़ता, पेचीदगी, पेचीलापन।
intricacy, complexity, complication.

जड़ (वि.) अचल, अचेतन, गतिशून्य, चेतनारहित, निर्जीव, निश्चल, निश्चेष्ट।
inanimate, inert, lifeless, motionless.

जड़ता (स्त्री.) जड़िमा, निर्जीवता।
inertia.

जड़ाऊ (वि.) खचित, जटित।
embedded, studded.

जन (पुं.) लोक, लोग।
people.

जनगणना (स्त्री.) मनुष्यगणना, मर्दुमशुमारी, संगणना।
census.

जनतंत्र (पुं.) गणतंत्र, जमहूरियत, प्रजातंत्र, लोकतंत्र।
democracy.

जनता (स्त्री.) जनताजनार्दन, जनसाधारण, प्रजा, लोग, सर्वसाधारण।
public, people.

जनना (क्रि.) उत्पन्न करना, जन्म देना, पैदा करना, बच्चा देना, प्रसव करना, सूना।
to give birth to.

जनमत (पुं.) लोकमत।
public opinion.

जनमत-संग्रह (पुं.) जननिर्देश, रायशुमारी।
plebiscite, referendum.

जनहित (पुं.) जनकल्याण, लोकहित, समाज-कल्याण।
public welfare, common good.

जन्म (पुं.) उत्पत्ति, पैदाइश।
birth.

जन्मगाँठ (स्त्री.) बरसगाँठ, बर्थडे, वर्षगाँठ, सालगिरह।
birthday.

जन्मजात (वि.) कुदरती, जन्मगत, जन्मसिद्ध, पैदाइशी, प्राकृतिक।
inborn, congenital, innate.

जन्मदाता (पुं.) प्रतिष्ठाता, प्रवर्तक, संस्थापक।
founder.

जन्मभूमि (स्त्री.) पितृभूमि, मातृभूमि, स्वदेश।
motherland, fatherland.

जन्म-मरण (पुं.) जीना-मरना, मरना-जीना।
birth & death.

जब (क्रिवि.) जभी, जिस समय , जैसे ही, ज्यों ही।
when.

जबरदस्त (वि.) करारा, तगड़ा, प्रचंड, मुँहतोड़, सख्त।
mighty, terrible.

जबरदस्ती से (क्रिवि.) जबरन, बरबस, बलप्रयोग द्वारा, बलात्, हठात्।
by force, forcefully.

जब्त (वि.) कुर्क।
confiscated, attached.

जब्त करना (क्रिपद) कुर्क करना, राज्यसात् करना।
to confiscate, to attach.

जमघट (पुं.) जमावड़ा, जनसमूह, भीड़।
concourse, gathering, crowd.

जमाखोर (पुं.) अपसंचयी, जखीरेबाज।
hoarder.

जमाखोरी (स्त्री.) अपसंचय, जखीरेबाजी।
hoarding.

जमानत (स्त्री.) गारंटी, प्रतिभूति।
security, surety, guarranty.
जमा-पूँजी (स्त्री.) जमा-जथा, माल-मता, रास।
assets.
जमींदार (पुं.) जागीरदार, भूस्वामी।
landlord.
जय-पराजय (पुं.) जीत-हार, हार-जीत।
victory & defeat.
जरा-सा (क्रि.) टुक, थोड़ा-सा, नाम को, लेश मात्र।
trivial.
जराग्रस्त (वि.) जराजीर्ण।
senile, suffering from old age.
जरा भी (क्रिवि.) तिलमात्र भी, रत्ती भर, सूई की नोक के बराबर।
very little.
जरूरतमंद (वि.) गरजू।
needy.
जर्जर (वि.) कमजोर, क्षीण, खस्ता, घिसा-पिटा, घिसा-फटा, जर्जर, जीर्ण, जीर्ण-शीर्ण, शिकस्ता, शिकस्ताहाल।
decrepit, ramshackle.
जल (पुं.) नीर, पानी, वारि, सलिल।
water.
जल जाना (क्रिपद) १. खाक हो जाना, नष्ट हो जाना, भस्म हो जाना, स्वाहा हो जाना।
to be on fire.
–२. आग लग जाना, छटपटाने लगना, तन-बदन में आग लग जाना।
to be wild with rage.
जलन (स्त्री.) अंतर्दाह, चुनचुनाहट, चुनचुनी, चुभन, छरछराहट, दाह, प्रदाह।
burning sensation, pricking sensation.
जलना (वि.) जल उठना, टिमटिमाना, दहना, धधकना, प्रज्वलित होना, बलना, भभकना, सुलगना।
to burn, to blaze, to flare up, to smoulder.
जलपान (पुं.) कलेवा, नाश्ता, प्रातराश।
light refreshment.
जलपानगृह (पुं.) उपाहारगृह, काफीहाउस।
refreshment shop, cafe.
जलवायु (स्त्री.) आबोहवा, क्लाइमेट।
climate.
जलस्थलचर (वि.) उभयचर, जलथली, जलभूमिचर, जलस्थलचारी।
amphibian.
जलाना (क्रि.) १. दाहना, प्रज्वलित करना, भस्म करना, सुलगाना।
to burn, to ignite.
–२. बत्ती डालना, रोशन करना, रोशनी करना।
to light.
–३. सताना। (दे.)
जलाशय (पुं.) जलकुंज, झील, तड़ागा, तलाई, तलैया, ताल, तालाब, पुष्कर, पोखरा, वापिका, वापी, सरसी, सरोवर।
pond, waterpond.
जल्दी[1] (क्रिवि.) आनन-फानन, खड़े-खड़े, खटाखट, झटपट, जल्दी-जल्दी, तुरंत, फौरन, पटापट, फटाफट से, शीघ्रता से।
instantaneously, without delay, forth with, in hurry-scurry.
जल्दी[2] (स्त्री.) अफरातफरी, उतावलापन, जल्दबाजी, तड़ातड़ी, दौड़ादड़ी, भागमभाग, व्यग्रता, शीघ्रता, हड़बड़ी।
haste, hurry, scurry.
जल्दी मचाना (क्रिपद) आफत कर देना, जल्दबाजी करना, हड़बड़ाना, हड़बड़ी मचाना।
to make haste.
जवान (वि.) पट्ठा, युवा।
youthful.
जवानी (स्त्री.) तरुणता, तरुणाई, बाली उम्र, युवाकाल, युवावस्था, यौवन, वयःसंधि।
youth, youthfulness, puberty.
जहाज (पुं.) १. विमान, वायुयान, हवाई जहाज।
aeroplane.
–२. जलयान, पानी का जहाज, पोत।
ship, vessel.
जाँच (स्त्री.) इम्तहान, छान-बीन,

जाँच-पड़ताल, जाँच-परख, तफ़तीश, टेस्ट, तहकीकात, पड़ताल, परीक्षण, परीक्षा, मुआइना।
inspection, test, examination, probe, scrutiny,

जागना (क्रि.) १. जगना, जाग उठना, जाग जाना, नींद से उठना, बिस्तर से उठना।
to awake.
–२. चैतन्य होना, चौकस होना, सचेत होना, सतर्क होना, सावधान होना, होशियार होना।
to be alert.

जागरण (पुं.) जागा, रतजागा।
state of keeping awake in the night.

जागीर (स्त्री.) इलाका, जमीन, तालुका, भूसंपत्ति, रियासत।
estate.

जागीरदार (पुं.) इलाकेदार, जमींदार, तालुकेदार, नवाब।
owner of an estate.

जात-पाँत (स्त्री.) ऊँच-नीच, जाति-भेद, जाति-व्यवस्था।
distinctions of caste and community, distinction between high and low.

जाति (स्त्री.) कौम, पंथ, प्रजाति, फिरका, राष्ट्र, वर्ण, संप्रदाय, समुदाय।
caste, community, nation.

जातिवाद (पुं.) जातीयता, रंगभेद, वर्णभेद, वर्गवाद।
casteism, racialism, racism,

जातीय (वि.) कौमी, राष्ट्रीय, सांप्रदायिक।
national, racial, communal.

जादू (पुं.) अभिचार, इंद्रजाल, ऐयारी, टोना, जादूगरी, जादू-टोना, तिलस्म, माया, वशीकरण, सम्मोहन।
magic, sorcery, spell.

जादूगर (पुं.) ओझा, ऐंद्रजालिक, करतबी, ऐयार, तांत्रिक, मदारी, मायावी।
magician, sorcerer.

जादू-टोना (पुं.) ओझाई, झाड़-फूँक, यंत्र-तंत्र।
exorcism.

जानना (क्रि.) चीन्हना, जानकारी होना, ज्ञान होना, पता होना, परिचय होना, पहचानना, बूझना, मालूम होना, विदित होना, समझना।
to know, to have knowledge of, to understand.

जान-बूझकर (क्रिवि.) कसदन, मनमर्जी से, राजी-खुशी, स्वेच्छापूर्वक।
wilfully.

जाना (क्रि.) कूच करना, गमन करना, चल देना, चल पड़ना, छूटना, तशरीफ ले जाना, दफ़ा होना, फूटना, रवाना होना, सिधारना।
to go, to depart.

जारज (वि., पुं.) दोगला, वर्णसंकर, विजन्मा, विजात, हरामी।
bastard.

जाल (पुं.) पाश, फंदा, फाँसा, बंधन।
net, snare, trap.

जालसाज (पुं.) जालिया।
forger, schemer.

जालसाजी (स्त्री.) कूटरचना।
forgery, fabrication.

जासूस (पुं.) खुफिया, चर, गुप्तचर, घुसपैठिया, भेदिया, भेदी, मुखबिर।
spy, detective.

जासूसी (स्त्री.) खुफियागिरी, गुप्तचरी, गुप्तचर्या, भेदियागिरी, मुखबिरी।
spyism.

जिज्ञासा (स्त्री.) उत्कंठा, कुतूहल, कौतूहल, ज्ञानेप्सा, प्रश्नशीलता, लालसा, साध।
curiosity, inquisitiveness, eagerness.

जिज्ञासु (वि.) उत्कंठित, कुतूहली, कौतूहली, प्रश्नकर्ता, लालायित, सचाकिया।
curious, inquisitive.

जितेंद्रिय (वि.) जितात्मा।
one who has control over his senses.

जिद (स्त्री.) अड़, अड़ियलपन, टेक, ढिठाई, दुराग्रह, हठ, हठीलापन।
obstinacy, stubbornness.

जिद्दी (वि.) अडिग, अड़ियल, टर्रा, टेकी, टेटी, ढीठ, दुराग्रही, मतांध, मताग्रही, हठी, हठीला।
stubborn, obstinate, fanatic.

जिला (पुं.) जनपद।
district.

जिलाना (क्रि.) जान डालना, जीवित करना, प्राण डालना, प्राण फूँकना।
to bring to life.

जिससे (योजक) ताकि।
so that.

जी-जान से (क्रिवि.) जान लगाकर, जी तोड़कर, पूरी शक्ति से, सच्चे हृदय से।
(to try) all-out.

जीत (स्त्री.) फतह, विजय।
win, victory.

जीतना (क्रि.) जीत लेना, पराभूत करना, परास्त करना, फतह करना, विजय प्राप्त करना, विजयी होना, विजित करना, सर करना, हराना।
to win, to defeat.

जीते जी (क्रिवि.) आंइदा, आजन्म, आजीवन, जीवनकाल में, जीवनपर्यंत, फिर कभी, मरते दम तक, सारी उम्र।
for the whole life, since birth.

जीना (क्रि.) जिंदगी बिताना, जिंदा रहना, जीवनयापन करना, जीवित रहना।
to live, to be alive.

जीभ (स्त्री.) जबान, जिह्वा, बोलती, रसना।
tongue.

जी मिचलाना (क्रिपद) मिचली होना, वमनेच्छा होना।
to nauseate.

जीव (पुं.) जंतु, जानवर, जीवधारी, पशु, जिंदगी, प्राणी।
creature, being, animal.

जीवन (पुं.) जान, जिंदगानी, प्राण।
life.

जीवनी (स्त्री.) चरित, जीवन-कथा, जीवन-चरित।
biography, life-history.

जीवनी-शक्ति (स्त्री.) आत्मबल, प्राणवत्ता।
vitality, spiritedness, spiritual power.

जीविका (स्त्री.) आजीविका, जीवन-साधन, रोजी, रोजी-रोटी, रोटी, दाना-पानी, दाल-रोटी।
livelihood, sustenance.

जीविका चलाना (क्रिपद) जीविकोपार्जन करना, रोजी कमाना/चलाना, रोटी चलाना।
to earn a livelihood.

जीवित (वि.) जिंदा, जीता-जागता, जीवंत, सजीव, सप्राण।
alive, lively, animated.

जुआ (पुं.) द्यूत, द्यूत-क्रीड़ा।
gambling.

जुकाम (पुं.) नजला, प्रतिश्याय, सर्दी।
catarrh, cold.

जुड़ना (क्रि.) अनुबद्ध होना, नत्थी होना, संपृक्त होना, संबद्ध होना, संलग्न होना, सटना।
to be contiguous.

जुड़वाँ (वि.) यमज, सहजात, सहोत्पन्न।
connate, twin.

जुलाब (पुं.) विरेचक, विरेचन-ओषधि।
purgative.

जूठन (स्त्री.) उच्छिष्ट भोजन, जूठ।
leaving of food.

जूता (पुं.) चप्पल, चरणदासी, जूती, पनही, बूट, सैंडिल।
shoe.

जूतापैजार (पुं.) जूतपैजार, जूतिऔवल।
fight with shoes.

जेब (पुं.) खीसा, पाकेट।
pocket.

जेबकतरा (पुं.) गैंठकटा, गाँठकतरा, गिरहकट, पाकेटमार।
pickpocket.

जेय(वि.) जीतने योग्य, विजेय।
conquerable.
जेल(स्त्री.) कारा, कारागार, कारागृह, कैदखाना, जेलखाना, बंदीगृह।
prison.
जैकेट(स्त्री.) फतुही, वास्कट, सदरी।
jacket.
जैसे(योजक) गोया, मानो।
as if.
जोखिम(पुं.) खतरा, रिस्क।
risk, hazard.
जोखिम-भरा(वि.) खतरनाक, रिस्की।
risky, hazardous.
जोड़(पुं.) १. गाँठ, ग्रंथि, जायंट, संधि।
joint.
–२. योग, जमा।
total.
जोड़ना(क्रि.) १. चिपकाना, नत्थी करना, संयुक्त करना, सलग्न करना, साथ लगाना।
to affix, to file.
–२. जोड़ लगाना (दे.)
जोड़ लगाना(क्रिपद) १. टाँकना, टाँका लगाना।
to solder.
–२. योग करना, टोटल करना।
जोड़ा(पुं.) जुट, जोड़ी, द्वय, युगल।
pair, couple.
जोरदार(वि.) तगड़ा, तीव्र, धमाकेदार, प्रचंड, प्रबल, प्रभावशाली।
forceful.
जौ(पुं.) जव, यव।
barley.
ज्ञात(वि.) अनुभूत, अवगत, मालूम, विदित।
known.
ज्ञाता(वि.पुं.) अनुभवी, जानकार, ज्ञानी, पंडित, बहुज्ञ, प्रबुद्ध, विज्ञ, विद्वान, वेत्ता, संबुद्ध, सुविज्ञ।
well-informed, conversant, learned.
ज्ञान(पुं.) अनुभव, जानकारी, पांडित्य, प्रज्ञान, बहुज्ञता, बोध, मालूमात, विद्या, विद्वत्ता, संबुद्धि।
knowledge, learning, experience.
ज्ञेय(वि.) ज्ञातव्य।
knowable.
ज्यादती(स्त्री.) अति, अत्यधिकता, अनीति, जबरदस्ती, जबरी, जोरजोरी, धाँधली, धींगाधींगी, धींगामुश्ती, सख्ती।
excess, high-handedness.
ज्योतिर्विद्(पुं.) खगोलवेत्ता, गणितज्ञ, गणितज्योतिषी।
astronomer.
ज्योतिष(पुं.) नजूम, भविष्यकथन।
astrology.
ज्योतिषशास्त्र(पुं.) खगोल-विज्ञान, ग्रहविद्या, नक्षत्र-विज्ञान।
astronomy, astrology.
ज्योतिषी(पुं.) दैवज्ञ, नजूमी।
astrologer, fortune-teller.
ज्वर(पुं.) ताप, बुखार।
fever.
झंकार(स्त्री.) झनक, झनझन, झनझनाहट, झुनझुन।
ringing, tinkling, jingling.
झंडा(पुं.) ध्वज, ध्वजा, निशान, पताका, परचम, फरहरा, वैजयन्ती।
flag.
झकझोरना(क्रि.) कँपा देना, जोर से हिलाना, झकोरा देना, झंझोड़ना।
to give a shake-up, to rack up.
झगड़ना(क्रि.) कलह करना, झगड़ा करना, तूतू-मैंमैं करना, तर्क करना, बकझक करना, भिड़ना, मुँहजोरी करना, मुँहामुँही करना, लड़ना, लड़ाई करना, विवाद करना।
to quarrel, to altercate, to argue, to fight.
झगड़ा(पुं.) अनबन, कलह, कहासुनी, किचकिच, किटकिट, खटपट, खटराग, गरमागरमी, चखचख, झंझट, झगड़ा-झमेला, झगड़ा-टंटा, झगड़ा-रगड़ा, झिकझिक, झड़पाझड़पी, टंटा, ठाँय ठाँय, तूतू–मैंमैं, नोक-झोक, फसूर, बमचख, वितंडा, विग्रह, विवाद, वाग्युद्ध, फसाद, विवाद, हुज्जत।

quarrel, squabble, dispute, altercation, brawl, broil, controverey, row, wrangle, tiff.

झगड़ालू (पुं.) कलहप्रिय, जुझाऊ, जूझारू, टंटेबाज, तार्किक, बखेड़िया, बहसी, फसूरिया, फतूरी, फसादी, लड़ाका, वितर्की, विवादी, हुज्जती।
quarrelsome, bellicose, brawling.

झड़ना (क्रि.) गिरना, चूना, झरना, टपकना, टूटकर गिरना।
to drop.

झपटना (क्रि.) झपट पड़ना, झपट्टा मारना, टूटना, टूट पड़ना।
to swoop, to pounce upon.

झपट्टा (पुं.) चील-झपट्टा, छीनाछीनी, छीनझपट, छीनाझपटी।
swoop, pounce.

झमेला (पुं.) १. कजिया, चकल्लस, जंजाल, जहमत, झंझट, टिटिंबा, दिक्कत, पँवाड़ा, पचड़ा, परेशानी, प्रपंच, फेर, बखेड़ा, बवाल, बखेला, भवजाल, रगड़ा, लफड़ा, लबड़-धोंधों, वबाल, वितंडा।
fuss, mess, complication, row, medley.
–२. झगड़ा (दे.)

झरना (पुं.) जलप्रपात, प्रपात।
waterfall, cascade.

झलक (स्त्री.) झाँकी।
glimpse.

झागदार (वि.) झागवाला, फेनयुक्त, फेनिल।
foamy, barmy.

झाड़ी (स्त्री.) गुल्म, झाड़-झंखाड़, झुरमुट।
bush.

झाड़ू (पुं.) कूचा, बुहारी, मार्जनी।
broom.

झाड़ू देना (क्रिपद) झाड़ू लगाना, बुहारना, सफाई करना।
to sweep.

झीना (वि.) झिलमिला, झिलझ।
sparsely woven.

झुँझलाना (क्रि.) खिजलाना, खीजना, बड़बड़ाना, बुदबुदाना, भुनभुनाना।
to grumble, to grouse.

झुँझलाहट (स्त्री.) खीज, बड़बड़ाहट, बुदबुदाहट, भुनभुनाहट।
irritation, petulance.

झुंड (पुं.) गल्ला, गोल, रेवड़, लहँड़ा, लेहड़ा, वर्ग।
herd, flock.

झुकना (क्रि.) १. आत्मसमर्पण करना, नत होना, नतमस्तक होना, नमना, नमित होना, नवना, निहुरना, प्रणत होना, समर्पण करना, हथियार डाल देना।
to yield, to surrender, to bow down.
–२. उलरना, लपना, लपलपाना।
to bend.

झुकाव (पुं.) अभिरुचि, उन्मुखता, नति, प्रवणता, प्रवृत्ति, रुझान।
bend, tilt, inclination, proclivity.

झुरमुट (पुं.) गुल्म।
group of densely grown trees, bushes etc.

झूठमूठ (क्रिवि.) झूठों, बेमतलब, योंही।
without any rhyme or reason, without any real cause.

झूमना (क्रि.) फहरना, बल खाना, लहराना।
to move to and fro, to wave.

झूला (पुं.) हिंडोला।
swing.

झोंका (पुं.) झकोरा, झकोला, थपेड़ा।
gush of wind.

झोंपड़ी (स्त्री.) कुटिया, कुटी, कुटीर, झुग्गी, पर्णकुटी, पर्णशाला, मड़ई, मड़ैया।
cottage, hut.

झोंपड़ीवाला (पुं.) कुटीरवासी, कुटीवासी, झुग्गीवाला।
cottager.

टकटकी लगाकर (क्रिवि.) एकटक, टकटकी लगाए।
with a continuous gaze.

टकराना (क्रि.) टकरा जाना, टक्कर खाना, टक्कर मारना, भिड़ंत होना, भिड़ जाना, भिड़ना, लड़ जाना, लड़ना।
to collide, to dash against.

टक्कर (स्त्री.) टकराव, भिड़ंत, मुठभेड़।
collision.

टहनी (स्त्री.) टहनी, डाल, शाख, शाखा।
twig, sprig, spray.

टाँग (स्त्री.) टँगड़ी, लात।
leg.

टापू (पुं.) जजीरा।
island, isle.

टाल जाना (क्रिपद) हँसी में उड़ा देना।
to laugh away.

टालना (क्रि.) चलता करना, टालमटोल करना, टाल देना, टालटूल करना, टालमटोल करना, परिहार करना, हवा बताना, हीलाहवाली करना।
to put off.

टिकाऊ (वि.) पुख्ता, चलनेवाला, पायदार, मजबूत।
durable, lasting.

टिकाऊपन (पुं.) पायदारी।
durability.

टिमटिमाना (क्रि.) झपझपाना, झिलमिलाना।
to twinkle, to glimmer.

टीका (पुं.) टिप्पण, टिप्पणी, टीका-टिप्पणी, निरूपण, भाष्य, वृत्ति, व्याख्या।
comment, commentary, annotation.

टीकाकार (पुं.) भाष्यकार, वृत्तिकार, व्याख्याकार, व्याख्याता।
commentator.

टीला (पुं.) टीबा, डूह, भीटा।
mound.

टीस (स्त्री.) चिनक, चिलक, चीस, टपक, टहक।
stinging pain, smarting pain, sharp pain, throbbing pain.

टीसना (क्रि.) कष्ट देना, चिनकना, चिलकना, चीसना, टपकना, टहकना, दर्द करना, दुखना, पीड़ा देना।
to smart.

टुकड़ा (पुं.) अंश, खंड, टुकड़ी, टुकड़, टूक, ठीकरा, डला, प्रखंड, प्रभाग, फाँक, भाग, भेला, हिस्सा।
piece, fragment, part, bit.

टुकड़ी (स्त्री.) गारद, जत्था, टोली, दस्ता।
batch (of soldiers).

टूटना (क्रि.) चटकना, चसना, चिटकना, चूर (चूर-चूर) हो जाना, टुकड़े-टुकड़े हो जाना, टूकटूक हो जाना, टूटना-फूटना, टूटफूट जाना, तड़कना, तड़तड़ाना, दरकना, फट जाना, फटना, फूट जाना, फूटना।
to break, to crack, to be split.

टूटा-फूटा (क्रि.) क्षत-विक्षत, खंड-खंड, खंडित, चूर-चूर, टुकड़े-टुकड़े, भग्न, विभग्न।
broken.

टेढ़ा (वि.) आड़ा, कुटिल, खम, तिरछा, तिरपट, तिर्यक, बाँका, वक्र।
bent, sinuous.

टेढ़ा-मेढ़ा (वि.) घुमावदार, चक्करदार, सर्पाकार, सर्पिल।
zigzag, winding.

टोनहा (पुं.) ओझा, झाड़-फूँक करनेवाला, तांत्रिक।
one who practises black magic.

टोना (पुं.) ओझाई, झाड़-फूँक, तंत्र-मंत्र।
witchcraft, black magic.

ठंड (स्त्री.) ठिठुरन, सर्दी।
cold.

ठंडक (स्त्री.) तरावट, तरी, शीतलता।
coolness.

ठंडा (वि.) शीतल, हिमवत्।
cool, cold.

ठगना (क्रि.) ऐंठना, छलना, जटना, झाँसना, झटकना, झटक लेना, मूँड़ना, मूसना।
to cheat.

ठगी (स्त्री.) १. ठगई, ठगपना।
cheating, swindling.
—२. धूर्तता (दे.)

ठठेरा (पुं.) कसेरा।
brazier.

ठहरना (क्रि.) अटकना, टिकना, रुकना।
to stop, to stay.

ठहराना(क्रि.) उतारना, टिकाना, रखना।
to cause to stay.
ठहाका(पुं.) अट्टहास, खिलखिलाहट, खीखी, हाहा-हीही।
loud laughter.
ठाठ(पुं.) ऐश्वर्य, चमक-दमक, टीप-टाप, ठाट-बाट, तड़क-भड़क, प्रताप, वैभव, शान-शौकत।
pomp, pomp & show.
ठीक(वि.) १. ठीक-ठाक, ठीकम-ठीक, दुरुस्त, यथातथ्य, शुद्ध, सही।
right.
—२. उचित (दे.)
ठुड्डी(स्त्री.) चिबुक, ठोड़ी।
chin.
ठेका(पुं.) कंट्रेक्ट, ठीका।
contract.
ठेकेदार (पुं.) कंट्रेक्टर, ठीकेदार।
contractor.
ठेठ(वि.) खाँटी, खास, पक्का।
typical, pristine.
ठोकर(स्त्री.) पाद-प्रहार, पादाघात।
kick.
ठोकर लगाना(क्रिपद) पाद-प्रहार करना।
to kick.
ठौर-कुठौर (क्रिवि.) जगह-बे-जगह, ठाँव-कुठाँव।
out of place.
डफ(स्त्री.) डफली।
tambourine.
डर(पुं.) १. आतंक, आशंका, खतरा, खौफ, डरावा, त्रास, दहशत, भय, भीति, विभीषिका, संकट, संत्रास, हदस।
fear, fright, danger, dread, awe.
—२. आशंका (दे.)
scare.
डरना(क्रि.) आतंकित होना, काँपना, खौफ खाना, त्रस्त होना, थर्राना, दहलना, बिदकना, भयभीत होना, हदस जाना, हदसना।
to fear, to be afraid.
डरपोक(वि.) कातर, कापुरुष, कायर, थुड़दिल, बुज़दिल, भीरु।
timid, cowardly, chicken-hearted
डरपोकपन(पुं.) कातरता, कायरपन, दब्बूपन, बुज़दिली, भीरुता।
timidness, cowardliness.
डराना(क्रि.) डराना-धमकाना, तर्जन करना, तर्जना, दहलाना, धमकाना, धमकी देना, भयभीत करना, संत्रस्त कर देना।
to frighten, to appal, to terrify, to scare, to threaten.
डाँकना(क्रि.) छलाँग मारना, फाँदना, फाँदना, पार करना।
to cross over.
डाँट(स्त्री.) घुड़की, झिड़क, झिड़की, डपट, डाँट-डपट, तर्जन, ताड़न, दुत्कार, धिक्कार, धिग्दंड, प्रताड़ना, फटकार, भर्त्सना, लताड़, लानत, लानत-मलामत।
scolding, rebuke.
डाँटना(क्रि.) कोसना, खरी-खोटी सुनाना, घुड़कना, घुड़की देना, जुतियाना, झल्लाना, झिड़कना, डपटना, डाँटना-फटकारना, डाँट पिलाना, तर्जन करना, तर्जना, दुत्कारना, धिक्कारना, फटकारना, बुरा-भला कहना, भर्त्सना करना, लताड़ना, लानत भेजना, लानत-मलामत करना।
to chide, to admonish, to snub.
डाँवाँडोल (वि.) अस्थिर, चलायमान, डगमग, ढुलमुल, दोलायमान, लचर, लड़खड़ाता हुआ।
lurching, shaky, uncertain, unsteady, fickle, changeable.
डाँवाँडोल होना (क्रिपद) काँपने लगना, डगमग करना, डगमगाना, डोलने लगना, लड़खड़ाना, विचलित होना, हिलना-डोलना।
to lurch, to stagger.
डाकिया(पुं.) चिट्ठीरसाँ, पत्रवाह, पोस्टमैन।
postman.
डालना(क्रि.) उँडेलना, घुसेड़ना, डाल देना।
to pour, to put into.
डींग(स्त्री.) अतिशयोक्ति, अत्युक्ति,

आत्मप्रशस्ति, आत्मश्लाघा, गर्वोक्ति, जीट, प्रगल्भता, बड़, लंतरानी, शेखी, शेखीबाज़ी, सीट-पटाँग, हाँक, हैकड़ी।
boast, brag.

डींग हाँकना (क्रिपद) अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना, आत्मश्लाघा करना, आत्मस्तुति करना, गाल बजाना, डींग मारना, बड़ हाँकना, लंबी हाँकना, शेखी बघारना, सीट-पटाँग हाँकना।
to brag, to talk big.

डींगमार (वि.) आत्मश्लाघी, गालू, डपोरशंख, डींग मारनेवाला, दंभी, दांभिक, बड़बोला, शेखीखोर, शेखीबाज।
braggart, braggadocio, boaster, swaggerer.

डुबकी (स्त्री.) गोता।
dive, plunge.

डेरी (स्त्री.) दुग्धशाला।
dairy.

ढंग (पुं.) कार्यपद्धति, कार्यप्रणाली, कार्यविधि, कायदा, क्रियापद्धति, क्रियाविधि, ढब, तरीका, तौर, तौर-तरीका, पद्धति, परिपाटी, प्रक्रम, प्रकार, प्रक्रिया, प्रणाली, प्रथा, रीति, विधा, विधि, शैली।
method, mode, way, manner, process, procedure, style.

ढकना (क्रि.) आवरण डालना, छिपाना, झाँपना, ढाँपना, तोपना, दुराना, परदा डालना।
to cover, to cover up.

ढका हुआ (वि.) आच्छादित , आवृत, ढका-छुपा, छिपाया हुआ, परिच्छन्न।
covered.

ढकेलना (क्रि.) ठेलना, धक्का देना, पेलना।
to push.

ढाँचा (पुं.) ढड्ढा, संरचना।
frame, structure.

ढारस (स्त्री.) आश्वासन, ढाढ़स, तसल्ली, दिलासा, धीरज, प्रबोधन, सांत्वना।
consolation, solace.

ढाल (स्त्री.) ढलान।
slope, ramp.

ढालवाँ (वि.) ढालू, दुरारोह।
sloping, descending, steep.

ढील (स्त्री.) ढिलाई, नरमी, पस्ती, लचलचापन, शिथिलता।
looseness, let-up, laxity.

ढीला (वि.) ढिलढिला, ढीला-ढाला, शिथिल, थुल-थुल, पस्त, लचलचा।
1. loose, flabby.2. flaccid.

ढूँढ़ना (क्रि.) अनुसंधान करना, अन्वेषण करना, खोज करना, खोजना, गवेषणा करना, जाँच-पड़ताल करना, टोहना, टोह लेना, तलाश करना, तलाशी लेना, पता लगाना, पूछताछ करना, रिसर्च करना, शोध करना।
to search.

ढेर (पुं.) अंबार, अटाला, गाँज, गड्ड, टाल, पुंज।
heap, pile.

ढेर लगाना (क्रिपद) अंबार लगाना, गाँजना।
to pile up, to accumulate, to amass.

ढेला (पुं.) गाला, चक्का, थक्का, लोंदा।
lump.

ढोंग (पुं.) आडंबर, कपटाचार, ठाठ, ढकोसला, ढोंगबाज़ी, दिखावटबाज़ी, दिखावा, पाखंड, मिथ्याडंबर।
hypocrisy, dissimulation, dissemblance, ostentation.

ढोंगी (वि., पुं.) आडंबरी, कपटी, ढकोसलेबाज, धर्मध्वजी, पाखंडी, पोंगापंथी, मिथ्याडंबरी।
hypocritical, hypocrite, imposter.

तंग (वि.) १. छोटा, संकीर्ण, संकुचित, सँकरा।
narrow.
—२. कसा, चुस्त।
tight.
—३. अभावग्रस्त, तंगहाल।
hard up, tight.

तंतु (पुं.) रेशा, सूत।
fibre, thread, filament.

तंत्र (पुं.) पद्धति, प्रणाली।
system.

तंबू (पुं.) खेमा, चँदवा, चँदोवा, छोलदारी, वितान।
tent, canopy.

तक (क्रिवि.) तलक।
to upto.

तकियाकलाम (पुं.) सखुनतकिया।
an irrelevant word or phrase used habitually by someone.

तख्ता (पुं.) पटरा।
plank.

तगड़ा (वि.) जबर, जबरदस्त, सबल, समर्थांग, हट्टा-कट्टा, हृष्टपुष्ट।
strong, sturdy, able-bodied, powerful.

तटस्थ (वि.) अनासक्त, असंबद्ध, असंबंधित, उदासीन, निरपेक्ष, निर्लिप्त, निष्पक्ष, निष्प्रभावी, बेलाग, विरक्त।
neutral, unconcerned, indifferent.

तटस्थता (स्त्री.) उदासीनता, निरपेक्षता, निष्पक्षता, पक्षपातहीनता, समदृष्टि।
impartiality, neutrality, indifference.

तडक-भड़क (स्त्री.) १. चटक-मटक, चमक-दमक, टीप-टाप, तूम-तड़ाक, धूमधाम, धूमधड़क्का, शान, शानबान, शान-शौकत।
pomp & show, tinsel.
–२. आडंबर (दे.)

तड़के (क्रिवि.) अमृतवेला में, दिन-चढ़े, पौ-फटे, ब्रह्मबेला में, भोर में, सवेरे, सवेरे-सवेरे।
early in the morning.

तड़पन (स्त्री.) छटपटाहट, छटपटी, तड़फन।
agonizing, pain.

तड़पना (क्रि.) छटपटाना, तड़फड़ाना, तड़पना, हाथ-पैर पटकना।
1. to be listless due to pain.2. to pant for.

तत्त्व (पुं.) १. मूलद्रव्य, मूलपदार्थ, मूलवस्तु।
element.
–२. सारांश (दे.)

तत्पश्चात् (क्रिवि.) तदनंतर, तदुपरांत, पीछे, फिर, बाद को, बाद में।
afterwards.

तथास्तु (पदबंध) एवमस्तु, ऐसा ही हो, स्वस्ति।
amen.

तथ्य (पुं.) यथार्थता, वास्तविकता, सचाई, सत्य, हकीकत।
fact, reality, truth.

तनाव (पुं.) १. कसाव, खिंचाव, तनातनी।
tension.
–२. उत्तेजना (दे.)

तन्मय (वि.) डूबा हुआ, तल्लीन, दत्तचित्त, निमग्न, प्रवृत्त, मग्न, रत, व्यस्त, संलग्न।
absorbed, engrossed, busy, preoccupied.

तन्मयता (स्त्री.) तल्लीनता, निमग्नता, प्रवृत्ति, व्यस्तता, संलग्नता।
absorption, immersion, engrossment.

तप (पुं.) तपश्चर्या, तपस्या, योग, साधना।
austerity, penance.

तपस्विनी (स्त्री.) जोगिन, जोगिनी, तपसी, तपस्विनी, तापसी, फकिरिन, फकीरिन, बैरागनी, संन्यासिनी, साधुनी।
a female ascetic

तपस्वी (पुं.) जोगड़ा, जोगी, तपसी, तापस, तापसी, मुनि, यति, योगाभ्यासी, योगी, व्रती, संन्यासी, साधक, साधु, साधू, सिद्ध।
ascetic, hermit.

तपेदिक (पुं.) टीबी, यक्ष्मा।
tuberculosis.

तपोवन (पुं.) आश्रम, तपस्थली, तपोभूमि, साधनास्थली।
the forest or place sanctified by austerities.

तबेला (पुं.) अस्तबल, घुड़सार, हयशाला।
stable.

तमाशा (पुं.) कौतुक, कीड़ा-कौतुक, खेल।
fun, play, game.

तमोगुणी (वि.) तामसिक, तामसी।
pertaining to तमोगुण।

तर(वि.) अनुप्राणित, ओतप्रोत, भीगा हुआ, सराबोर, सिक्त।
soaked, drenched.

तरकश(पुं.) तूणीर, भाथा।
quiver.

तरकारी(स्त्री.) भाजी, वनस्पति, शाक, साग, सब्जी, सालन।
vegetable.

तरपर(क्रिवि.) ऊपर-नीचे, एक के बाद एक।
one above the other, one after the other.

तरल(वि.) जलीय, द्रवरूप, पनिहा।
liquid, fluid.

तरसना(क्रि.) उत्कंठित होना, उत्सुक होना, बेचैन होना, ललकना, ललचना, लालायित होना, व्यग्र होना।
to pine for.

तर्क(पुं.) दलील।
argument.

तर्क देना/करना(क्रिपद) दलील देना, युक्ति देना।
to argue.

तर्कसंगत (वि.) उचित, तर्कसम्मत, तर्कसिद्ध, न्यायसंगत, युक्तियुक्त।
logical, reasonable.

तल(पुं.) १ पृष्ठभाग, भूतल, सतह।
surface, bed.
–२. तला, पेंदा।
bottom.

तलछट(स्त्री.) किट्ट, गाद, तलौंछ।
sediment.

तलवार(स्त्री.) असि, करवाल, खड्ग, तेग, शमशीर।
sword.

तलाक(पुं.) अलगाव, अलहदगी, छुट्टा-छुट्टी, विवाह-विच्छेद।
divorce.

तस्कर(पुं.) स्मगलर।
smuggler.

तहखाना(पुं.) तलघर, भूगृह, सर्दखाना।
basement.

ताक(स्त्री.) खोज, घात, तलाश।
look-out, search, quest, ambush.

ताक-झाँक(स्त्री.) नजरबाजी।
look-out.

ताकि(योजक) जिससे।
so that.

ताखा (पुं.) आला, गवाक्ष, पौखा।
niche.

ताज़गी(स्त्री.) जीवंतता, ताज़ापन, सजीवता, स्फूर्ति।
freshness.

ताज़ा(वि.) टटका, टहटहा, लहलहा, धारोष्ण, हरा।
fresh, green, blooming, flourishing.

ताड़ना(क्रि.) जान लेना, ताड़ लेना, पहचान लेना, भाँपना, भाँप लेना, लखना, लख लेना, समझ जाना, समझ लेना।
to guess, to conjure.

तात्कालिक (वि.) अविलंब, तात्क्षणिक, फौरी।
immediate.

तात्त्विक(वि.) सारगर्भित, सारभूत, सारयुक्त।
substantial.

तान (स्त्री.) ट्यून, तरन्नुम।
tune.

ताना(पुं.) १. आक्षेप, उपालंभ, उलाहना, कटाक्ष, छींटा, ठिठोली, ताना, फिकरा, बोली।
taunt, jest, derision. २. व्यंग्य (दे.)

ताना मारना(क्रिपद) आक्षेप करना, उपालंभ देना, उलाहना देना, चुटकी लेना, टकोरना, ठिठोली करना, फिकरा कसना, बोली मारना।
to taunt, to pass a hurtful remark.

तापना (क्रि.) सेंकना।
to warm one's body.

तापमान(पुं.) ज्वर, हरारत, बुखार।
temperature.

तारा(पुं.) तारक, सितारा।
star.

तालमेल(पुं.) समन्वय, सामंजस्य।
coordination, harmony.

ताली (स्त्री.) १. करतल-ध्वनि, थपोड़ी।
hand-clapping, cheers, applause.
—२. कुंजी, चाबी।
key.

तावीज़ (पुं.) गंडा, जंतर, रक्षा, कवच।
amulet.

तिक्त (वि.) चरपरा, झालदार, तीक्ष्ण, तीखा, तीता, तीव्र, तेज़।
pungent, acrid.

तिक्तता (स्त्री.) चरपराहट, तिताई, तीतापन।
pungency, acridity.

तितली (स्त्री) इश्कबाज़, चुलबुली, छबीली, छमक्को, परी, प्रेमबाला।
flirt, glamorous girl.

तिनका (पुं.) तृण।
straw.

तिरछा (वि.) आड़ा, कुटिल, झुका हुआ, टेढ़ा, ढालुआँ, तिरपट, तिर्यक, वक्र।
oblique, slanting.

तिल का ताड़ करना (क्रिपद) राई का पर्वत करना, व्यर्थ विस्तार करना, सुई का फावड़ा बनाना, सुई का भाला बनाना।
to make a mountain of mole-hill.

तीखा (वि.) तीव्र, तेज, धारदार, नुकीला, पैना, प्रखर, बारीक।
sharp.

तीखापन (पुं.) तीक्ष्णता, तीव्रता, धार, नुकीलापन, पैनापन।
sharpness.

तीरंदाज़ (पुं.) कमनैत, धनुर्धर, धन्वी, बानैत।
archer.

तीरंदाज़ी (स्त्री.) धनुर्विद्या।
archery.

तीर (पुं.) बाण, विशिख, शर, सायक।
arrow.

तुकबंदी (स्त्री.) काफियाबंदी, समस्यापूर्ति।
versification, rhyming, bouts-rimes.

तुकड़ (पुं.) तुकबंद।
rhymster.

तुच्छ (वि.) अधम, अवमान्य, उपेक्षणीय, ऐसा-वैसा, ओछा, क्षुद्र, घटिया, छोटा, छोटा-मोटा, घृणित, नगण्य, नाचीज, निकृष्ट, निंद्य, महत्त्वहीन, मामूली, हीन, हेच, हेय।
insignificant, undesirable, trivial, trifling.

तुतलाना (वि.) तुतलाकर बोलना, हकलाकर बोलना, हकलाना।
to lisp, to stutter.

तुरंत (क्रिवि.) अविलंब, आँख झपकते, खटाखट, चटापट, चुटकी बजाते, चुटकियों में, जल्दी से, झट-पट, झट से, तड़फड़, तड़ाक-फड़ाक, तत्काल, तत्क्षण, तड़ातड़, ताबड़तोड़, तीव्रता से, तेज़ी से, फक से, फौरन, फौरी, वेगपूर्वक, शीघ्रता से।
at once, forthwith, immediately, instantly, promptly.

तुलना (स्त्री) उपमा, निस्बत, मुकाबला, व्यतिरेक।
comparison.

तुष्टि (स्त्री.) अनुतोष, परितोष, प्रसादन।
appeasement, gratification.

तुष्टीकरण (पुं.) अनुतोषण, परितोषण, प्रसादन, मनुहार, मनौअल।
appeasement.

तूल (पुं) तूमार।
prolongation.

तेज़¹ (वि.) १. एक्सप्रेस, क्षिप्र, क्षिप्रगामी, तीव्रगति, तीव्रगामी, तूफानी, त्वरित, द्रुत, द्रुतगामी, धुआँधार, फुर्तीला, वेगवान, शीघ्रगामी, सत्वर, स्फूर्त।
quick, fast, rapid, express, swift, speedy.
—२. गहरा, चटक, चटकीला।
fast.
—३. धारदार।
sharp-edged.

तेज़² (वि.) चतुर, चलता-पुरज़ा, प्रखर-बुद्धि, तीक्ष्ण-बुद्धि, होशियार।

तेज³ (पुं.) ओजस्विता, गरिमा, तेजस्विता, चमक, प्रताप, शोभा, श्री।

splendour, lustre, effulgence, glow.

तेज़ करना (क्रिपद) १. पैनाना, तीक्ष्ण करना, तीखा करना, धार चढ़ाना/देना, धार धरना, धार निकालना, धार लगाना, नुकीला करना, पैना करना, सान चढ़ाना।
to sharpen.
–२. गति बढ़ाना, रफ्तार बढ़ाना, वेग बढ़ाना।
to speed up.

तेज़-तर्रार (वि.) कड़वा, जबानदराज, तेज-मिजाज, बदमिजाज।
sharp-tongued.

तेज़ी (स्त्री.) १. क्षिप्रता, द्रुतगति, द्रुतता, तीव्रता, फुर्ती, वेग, शीघ्रता, संवेग, सत्वरता।
quickness, rapidity, swiftness, speed.
–२ उत्कटता, तीव्रता, प्रखरता, प्रचंडता, शिद्दत।
intensity, intenseness.

तेज़ी से (क्रिवि.) अंधाधुंध, उड़ते हुए, उड़ाते हुए, द्रुतगति से, फरफर, फर्राटे से, बेतहाशा, भर्राटे से, वेग से, शीघ्रता से, सरपट, सर्राटे भरते, सर्राटे से।
rapidly, swiftly, recklessly, wildly.

तैयार (वि.) आमादा, उद्यत, कटिबद्ध, खड्गहस्त, प्रस्तुत, बद्धपरिकर, मुस्तैद, सन्नद्ध।
ready, prepared, girt-up, determined.

तैयारी (स्त्री.) १. उपक्रम।
preparation.
–२. कटिबद्धता (दे.)

तैरना (क्रि.) उतराना, तिरना, पौड़ना।
to swim.

तोंदवाला (वि.) तुंदिल, पेटीवाला, लंबोदर।
pot-bellied.

तोड़ना (क्रि.) चूर-चूर करना, टुकड़े-टुकड़े करना, तोड़ डालना, फोड़ देना, फोड़ना, भंग करना।
to break.

तोड़-फोड़ (पुं.) अंतर्ध्वंस।
sabotage.

तोड़ लेना (क्रिपद) फोड़ लेना, मिला लेना।
to bring over.

तोता (पुं.) गंगाराम, मियाँमिट्ठू, शुक।
parrot.

तो भी (योजक) इतना होने पर भी, इतने पर भी, तथापि, तदपि, ताहम, फिर भी।
yet, still, even, inspite of.

तोलना (क्रि.) वजन करना।
to weigh.

त्याग (पुं.) उत्सर्ग, परित्यजन, परित्याग, विसर्जन।
abandonment, renouncement.

त्याग देना (क्रिपद) अलग करना, उत्सर्ग करना, छोड़ देना, तजना, परित्याग करना।
to abandon, to desert, to forsake.

त्यागपत्र (पुं.) इस्तीफा।
a letter of resignation.

त्याज्य (वि.) अग्राह्य, छोड़ने योग्य, परित्याज्य।
fit to be given up, renounceable.

त्योहार (पुं.) आनन्दोत्सव, उत्सव, पर्व, महोत्सव, समारोह।
festival, fete.

त्रुटि (स्त्री.) १. कमी, खराबी, चूक, दोष।
defect, deficiency.
–२. अशुद्धि, गलती, भूल।
mistake, err, slip, blunder.

त्रैलोक्य (पुं.) तीनों लोक, त्रिभुवन, त्रिलोक।
the three worlds.

त्वचा (स्त्री.) खाल, चमड़ा, चमड़ी, स्पर्शेंद्रिय।
skin, leather.

थकना (क्रि.) थक जाना, थकान महसूस करना, थकावट लगना।
to be tired, to be fatigued.

थकाना (क्रि.) पस्ताना।
to tire out.

थकावट (स्त्री.) क्लान्ति, थकान, परिश्रान्ति।
fatigue, lassitude, weariness, etc.

haustion.

थका हुआ(वि.) क्लांत, थका-माँदा, थका-हारा, थकित, निढाल, पस्त, परिश्रांत, श्रांत, त्रस्त, त्रस्त-पस्त, शिथिल।
tired, languid, exhausted.

थपकना(क्रि.) थपकी देना, थपथपाना, पीठ ठोंकना, शाबाशी देना।
to pat.

थाना(पुं.) चौकी, नाका।
police station, check-post.

थिगली (स्त्री.) चिथड़ा, पैबंद।
patch, clout.

थिगली लगाना(क्रिपद.) चकती लगाना, जोड़ लगाना, थिगली लगाना, पैबंद लगाना।
to patch, to clout.

थूक(स्त्री.) लार, लाला, लुआब।
spittle, saliva.

थूथन (स्त्री.) थोबड़ा, नथुना।
snout.

थोड़ा-बहुत(वि.) कम-बेसी, कुछ-न-कुछ, न्यूनाधिक।
a little.

थोड़े में(क्रिवि.) किस्सा-कोताह, थोड़े शब्दों में, संक्षिप्त रूप में, संक्षेपतः, संक्षेप में।
in short, briefly.

थोथा(वि.) १. ख्याली, निस्सार, महत्त्वहीन, सारहीन।
worthless, insubstantial.
–२. खोखला (दे.)

दंगई(वि.,पुं.) उपद्रवी, फसादी, बलवई, बवाली।
rioter.

दंगा(पुं.) उपद्रव, झगड़ा, फसाद, बलवा, बवाल, मारपीट, शांतिभंग, संघर्ष।
riot, disturbance, commotion, breach of peace.

दंड(पुं.) अर्थदंड, जुर्माना, डाँड़, तलबाना, तावान, सज़ा, हरजाना।
fine, penal-ty, punishment.

दंड देना(क्रिपद) जुर्माना करना, दंडित करना, सज़ा देना।
to fine, to punish.

दंडनीय(वि.) ताड़नीय, दंड्य।
punishable, culpable.

दंपती (पुं.बहु.) औरत-मर्द, खसम-जोरू, दुल्हा-दुल्हिन, पति-पत्नी, मियाँ-बीबी, वर-कन्या, शौहर-बीबी।
husband and wife, bride and bridegroom.

दग्ध(वि.) जला हुआ, झुलसा हुआ।
burnt, scorched.

दढ़ियल(वि.) दाढ़ीवाला।
bearded.

दत्त (वि.) अदा, अर्पित, चुकता, प्रदत्त, समर्पित।
paid, given, donated, dedicated.

दत्तक पुत्र(पुं.) पालट, मुतबन्ना।
adopted son.

दत्तक लेना(क्रिपद) गोद लेना, पालट बनाना, बेटा बनाना।
to adopt.

दफनाना(क्रि.) कब्र में डालना, गाड़ देना, दफन करना, मिट्टी देना।
to bury.

दफ्तरी(पुं.) जिल्दसाज़।
book-binder, daftaree.

दबंग(वि.) निडर, निर्भय, निर्भीक, दिलेर, दुस्साहसी, निःशंक, बेधड़क, साहसी।
bold, fearless, undaunted.

दबना (क्रि.) चँपना, पिचकना, पिसना, फिसना।
to be pressed.

दबाना(क्रि.) १. चापना, टीपना।
to press down.
–२. उपशमन करना, दबाव डालना, दमन करना, शांत करना, निग्रह करना।
to suppress, to repress, to subdue.

दबाव(पुं.) दाब, प्रभाव।
pressure, duress.

दब्बू(वि.) दीन, दीनहीन, दबैल।
meek.

दमन(पुं.) उत्पीड़न, जबरदस्ती, दमनचक्र, दलन, निग्रह, नियंत्रण, निरोध,

परपीड़न, प्रतिरोध, बलप्रयोग, शमन।
oppression, repression, suppression.

दमन करना (क्रिपद) उत्पीड़ित करना, जबरदस्ती करना, दमनचक्र चलाना, दलन करना, निग्रह करना, नियंत्रित करना, निरोध करना, शमन करना, संयत करना।
to repress, to suppress, to oppress.

दमा (पुं.) श्वासरोग, हँफनी।
asthma.

दमित (वि.) दबा हुआ, दलित।
suppressed, depressed, crushed.

दयनीय (वि.) करुणाजनक, खस्ता, खराब, बुरा, विपन्न, शोचनीय।
pitiable, miserable.

दया (स्त्री.) १. अनुकंपा, करुणा, कृपा, दयादृष्टि, तरस, रहम, सहानुभूति।
compassion, pity, mercy.
–२. कृपा (दे.)

दयालु (वि.) १. उदार, उदारहृदय, करुणामय, करुणार्द्र, कृपालु, गरीबनिवाज़, तरस खानेवाला, दयानिधान, दयामय, दयार्द्र, दयावान, दयाशील, दयासागर, परोपकारी, वदान्य, विशालहृदय, रहमदिल, संवेदनशील, सकरुण, सदय।
kind, merciful, humane, benign, compassionate, kind-hearted.
–२. कृपालु (दे.)

दयालुता (स्त्री.) उदारता, उपकार, करुणा, कृपा, कृपालुता, दया, परोपकार, वदान्यता, रहमदिली, संवेदनशीलता, सदयता।
benignity, kindheartedness.

दरबारी (पुं.) मुसाहिब।
courtier.

दरवाज़ा (पुं.) कपाट, किवाड़, द्वार, फाटक।
door, gate.

दरवाज़ा खटखटाना (क्रिपद) कुंडी खटखटाना, दस्तक देना।
to knock.

दरार (स्त्री.) चटक, तरेड़।
crack, crevice.

दर्रा (पुं.) गिरिपथ, गिरसंकट।
pass.

दर्शक (पुं.) तमाशबीन, तमाशाई, देखनहारा, देखनेवाला, द्रष्टा, प्रेक्षक।
viewer, spectator.

दर्शक-वीथिका (स्त्री.) गैलरी।
gallery.

दर्शन (पुं.) १. दीदार, भेंट, साक्षात्कार, मुलाकात।
–२. अध्यात्म, तत्त्वज्ञान, फिलासफी, ब्रह्मज्ञान, ब्रह्मविचार।
philosophy.

दर्शनीय (वि.) अवलोकनीय, कमनीय, चारु, देखने योग्य, नयनाभिराम, मनोरम, मनोहर, विलोकनीय, सुदर्शन।
worth seeing, worth beholding, comely, charming.

दल (स्त्री.) गुट, ग्रुप, ठट्ठ, पार्टी, यूथ, वर्ग, वृंद।
party, group, faction, clique.

दलबंदी (स्त्री.) गुटबंदी, गुटबाजी, दलादली।
groupism, factionalism, party-politics.

दलबदलू (पुं.) आया राम गया राम।
defectionist.

दलाल (पुं.) १. आढ़तिया, एजेंट, कमीशन-एजेंट।
agent, broker, commission-agent.
–२. कुटना, भड़ुआ।
pimp, pander.

दलाली (स्त्री.) आढ़त, कमीशन, बट्टा।
commission, brokerage.

दलित (वि.) कुचला हुआ, पददलित, मर्दित, रौंदा हुआ, विमर्दित।
crushed, pounded.

दशक (पुं.) दशाब्द, दशाब्दी, दहाई।
decade.

दस्तावर (वि.) जुलाब लानेवाला, रेचक, रेचनकारी।

purgative, cathartic, aperient.
दस्तावेज़ (पुं.) कागज-पत्र, कागज़ात, प्रलेख, लेख्य।
document, deed.
दहलीज़ (स्त्री.) डेहरी, दरगाह।
threshold, doorsil.
दही (पुं.) दधि।
yoghurt, curd.
दहेज (पुं.) जहेज़, दाय, दायज़।
dowry.
दाँत (पुं.) दंत, दँतिया (अल्पा.), रद।
tooth.
दाँव (पुं.) पण, बाजी, शर्त।
stake.
दाई (स्त्री.) अन्ना, धात्री, धाय, नर्स।
nurse, midwife.
दातव्य (वि.) खैराती, धर्मार्थ।
charitable.
दाता (पुं.) दातार, दानी, देनेवाला, देवाल, प्रदाता, प्रदानकर्ता।
donor, donator.
दाद (स्त्री.) कंडु, खाज, चकत्ता, दद्रु, गामा।
ringworm, itches.
दादा (पुं.) पितामह, बाबा।
grand father.
दादी (स्त्री.) पितामही।
grand mother.
दान (पुं.) अनुदान, खैरात, चंदा, भिक्षा, भीख।
act of giving, donation, grant, charity, alms.
दानी (वि.) दानवीर, दानशील।
munificent.
दामाद (पुं.) जँवाई, जमाई, जामाता।
son-in-law.
दायर करना (क्रिपद) चलाना, ठोंकना।
to file (a law suit).
दावा करना (क्रिपद) अभियोग चलाना, नालिश करना, मुकदमा करना/चलाना/ठोकना।
to file a law suit.
दास (पुं.) गुलाम, बंधुआ।
slave.
दासता (स्त्री.) गुलामी, पराधीनता।
slavery, servility, serfdom, subjection.
दाहिना (वि.) दायाँ।
right.
दाहिने (क्रिवि.) दाईं ओर, दाईं तरफ, दाएँ।
on the right-hand side, on the right.
दाह्य (वि.) ज्वलनशील, दहनीय।
combustible, inflammable.
दिखाई पड़ना (क्रिपद) आँखों के आगे/सामने आना, दृष्टिगत होना, देखने में आना, नजर आना।
to appear.
दिखाना (क्रि.) दरसाना, दर्शन कराना, दिग्दर्शन कराना।
to show.
दिखावटी (वि.) १. नुमायशी, प्रदर्शनात्मक, भड़कदार, भड़कीला।
showy, ostentatious.
–२. अवास्तविक, कृत्रिम, बनावटी।
unreal, unnatural.
दिन (पुं.) दिवस, दिहाड़ी, रोज़, वार, वासर।
day.
दिनचर्या (स्त्री.) चर्या, नित्यकर्म, नित्यचर्या, नेम।
routine.
दिनांक (पुं.) तारीख, तिथि, मिति।
date.
दिनांध (वि.) दिवांध।
day-blind.
दियासलाई (स्त्री.) माचिस।
match-box.
दिवाला (पुं.) खात्मा, दिवालियापन, परिसमापन।
bankruptcy, liquidation.
दिवाला निकाल देना (क्रिपद) टाट उलट देना।
to break bank.
दिवास्वप्न (पुं.) ख्याली पुलाव, मनमोदक, हवाई महल।
day-dream, reverie.
दिव्य (वि.) १. अलौकिक, ईश्वरीय,

स्वर्गीय।
divine, heavenly.
—२. उत्तम (वि.)

दिशा (स्त्री.) ओर, दिक्, तरफ़।
direction.

दिशाभ्रम (पुं.) दिग्भ्रम।
loss of direction.

दिहाड़ी (स्त्री.) मज़दूरी।
1. one day's work of a labourer.
2. wages paid for the same.

दीक्षा देना (क्रिपद) गुरुमंत्र देना, दीक्षित करना।
to initiate.

दीप्त (वि.) ज्योतित, ज्योतिर्मय, दीपित, प्रकाशमान, प्रकाशित, प्रज्वलित, रोशन।
lit up, lighted, illuminated, luminous.

दीयट (पुं.) दीपाधार, दीवट।
lamp-stand.

दीया (पुं.) चिराग, दीप, दीपक, दीवा, प्रदीप, बत्ती, लैंप, शमा।
lamp.

दीर्घसूत्रता (स्त्री.) मंथरता, लाल फीते शाही।
dilatoriness, procrastination.

दीवार (स्त्री.) प्राचीर।
wall, boundarywall.

दीवाली (स्त्री.) दीपावली, दीपोत्सव।
festival of lights.

दुकान (स्त्री.) हट्टी।
shop.

दुख (पुं.) अफसोस, कष्ट, क्लेश, खेद, गम, पीड़ा, मनस्ताप, मनोवेदना, मलाल, यातना, रंज, विपत्ति, विषाद, विपदा, वेदना, व्यथा, शोक, संताप, संत्रास, सांसत।
sorrow, grief, distress.

दुखद (वि.) करुण, क्लेशकर, क्लेशकारी, कष्टकर, खेदजनक, पीड़ादायक, त्रासदिक, दर्दनाक, दुखकर, दुखदायी, यातनाप्रद, शोकजनक, शोकपूर्ण, संतापकारी, संतापप्रदायक।
distressing, sorrowful, woeful.

दुखांत (वि.) शोकांत।
tragic, tragical.

दुखी (वि.) अप्रसन्न, आर्त, खिन्न, गमगीन, ग्रस्त, दुखित, दुखिया, नाशाद, पीड़ित, बेहाल, मुसीबत का मारा, मुसीबतजदा, विपन्न, विषण्ण, व्यथित, शोकाकुल, शोकार्त, संतप्त, संत्रस्त, सताया हुआ, साँसत का मारा।
distressed, grief-stricken, depressed, sorrowful, tormented, tortured, terrorised, melancholy.

दुगना (वि.) दूना, द्विगुणित।
double, redoubled.

दुधमुँहा बच्चा (पुं.) गोद का बच्चा।
infant-in-arm.

दुपहर (स्त्री.) दोपहर, मध्याह्न।
midday, noon.

दुपहर के बाद (क्रिवि.) अपराह्न में, दोपहर बाद, तीसरे पहर, शाम को, सायंकाल।
in afternoon.

दुबला (वि.) १. कृश, कृशांग, क्षीण, दुबला-पतला, पतला, मरियल, सूखा।
lean, lean and thin, gaunt.
—२. दुर्बल (वि.)

दुबलाना (क्रि.) कमजोर हो जाना, अटक जाना, सूख जाना।
to be physically reduced.

दुबारा (क्रिवि.) एक बार और, दूसरी बार, दोबारा, पुनः, फिर।
again, once more.

दुम दबाकर भागना (क्रिपद) पत्रा-तोड़ भागना, सरपट भागना, सिर पर पाँव रखकर भागना।
to show clean pair of heels.

दुमुँहा (वि.) द्विमुख, दुरंगा, दुरुखा।
double-faced.

दुराव (पुं.) छिपाव, दुराव-छिपाव, पोशीदगी, संगोपन।
secrecy, privacy.

दुरुपयोग करना (क्रिपद) कुप्रयोग करना, गलत इस्तेमाल करना, गलत प्रयोग करना, दुष्प्रयोग करना।
to abuse, to misuse.

दुर्गंध (स्री.) कपड़गंध, चिरायँध, तिलौंछ, दुर्गंधि, धुआयँध, बदबू, बिसायँध, महक, सड़ायँध।
foul smell, stench, stink.

दुर्गम (वि.) १. अगम्य, अलंघ्य, दुर्लंघ्य, दुस्तर।
impassable, insurmountable.
–२. कठिन (दे.)

दुर्गा (स्री.) अष्टभुजा, काली, चामुंडा, जगदंबा, जगदंबिका, जगदीश्वरी, भगवती, महादेवी, सिंहवाहिनी।
Durga, Godess of prowess.

दुर्गुण (पुं.) अवगुण, कमज़ोरी, दुर्बलता, दोष, व्यसन।
demerit, vice.

दुर्दशा (स्री.) छीछालेदर, दुरवस्था, दुर्गति, फजीता, फ़जीहत, बिगड़ी।
plight, sad condition, sorry state.

दुर्दशाग्रस्त (वि.) फटेहाल, विपदाग्रस्त।
in a sorry plight.

दुर्बल (वि.) अक्षम, अशक्त, असमर्थ, कमजोर, क्षीण, क्षीणकाय, दुबला-पतला, निर्बल, बलहीन, मरियल, लचर, शक्तिहीन।
weak, incapable, incompetent.

दुर्बलता (स्री.) कमजोरी, क्षीणता, बालिश्य, शक्तिहीनता।
weakness, amentia.

दुर्बल हो जाना (क्रिपद) क्षीण हो जाना, सूखकर काँटा हो जाना।
to become weak, to be reduced to a skeleton.

दुर्भाग्य (पुं.) किस्मत की मार, बदकिस्मती, बदनसीबी, शामत।
misfortune, ill-luck.

दुर्भावना (स्री.) कुभाव, दुर्भाव, बदनीयती, रंजिश।
malevolence.

दुर्लभ (वि.) अप्राप्य दुष्प्राप्य, विरल।
scarce, unavailable, rare.

दुर्लभता (स्री.) अप्राप्यता, दुष्प्राप्यता, विरलता।
scarcity, rarity, unavailability.

दुर्व्यवहार (पुं.) खराब बर्ताव, खराब व्यवहार, बदसुलूकी, बुरा बर्ताव, बुरा व्यवहार।
maltreatment.

दुलारना (क्रि.) दुलराना, पुचकारना, लाड़-प्यार करना।
to caress, to fondle.

दुल्हा (पुं.) नौशा, बन्ना, वर।
bridegroom.

दुल्हिन (स्री.) दुल्हन, नववधू, नवोढ़ा, नौशी, पाणिगृहीता, परिणीता, बन्नी, ब्याहता।
bride.

दुविधा (स्री.) असमंजस, उभयसंकट, धर्मसंकट, पसोपेश, संकल्प-विकल्प।
dilemma, quandary.

दुश्चरित्र (वि.) आवारा, छिनाल, दुराचारी, दुरात्मा, बदचलन, बदमाश, फाहशा, भ्रष्ट, भ्रष्टाचारी, लंपट, व्यभिचारी।
characterless, vile, debased, degenerate, ignoble.

दुष्कर्म (पुं.) अकर्म, अनीति, अपचार, कदाचार, कुकर्म, कुकृत्य, गलत काम, दुराचरण, दुराचार, पाप, पापाचार, बेहूदगी।
misdeed, corrupt practice, immoral act, offence, sin.

दुष्ट (वि.) खल, कुचाली, खुरचाली, खोटा, चांडाल, जँजालिया, दुर्जन, दुर्वृत्त, दुष्प्रकृति, दुष्टात्मा, नंगा, लंठ, पाजी, बदजात, बदमाश, लिहाड़ा, लुच्चा, शठ, शैतान।
wicked, mischievous, troublemaker.

दुष्टता (स्री.) खुटाई, कुचाल, खुरचाली, खोटाई, नंगई, दुर्वृत्ति, नंगापन, पाजीपन, बदमाशी, लंठई, लुच्चई, लुच्चापन, शैतानी, हरामजदगी।
wickedness, villainy, roguery.

दूत (पुं.) एलची, कुटना, राजदूत, संदेशवाहक, संदेशहर, हरकारा।
envoy, emissary, messenger.

दूती (स्री.) कुटनी, दूतिका।

female messenger, go-between.
दूध (पुं.) क्षीर, गोरस, दुग्ध, पय, पयस।
milk.
दूधवाला (पुं.) ग्वाला, घोसी।
milkman.
दूर[1] (वि.) दूरवर्ती, दूरस्थ, दूरस्थित।
distant.
दूर[2] (क्रिवि.) परे।
away.
दूर करना (क्रिपद) परे करना, भगाना, वारण करना।
to dispel, to keep away.
दूरगामी (वि.) दूरप्रभावी, दूरव्यापी।
far-reaching.
दूरदर्शी (वि.) दूरंदेश।
farsighted, sagacious.
दूरदृष्टि (स्त्री.) गिद्धदृष्टि, दूरंदेशी, दूरदर्शिता।
far-sight, far-sightedness, long sight, sagacity.
दूषित (वि.) कलंकित, कलुषित, बुरा, भ्रष्ट, विकृत।
polluted, contaminated, blemished, sullied.
दूसरा (वि.) अन्य, इतर, गैर, दुआ, दूजा, पर।
other, second, next.
दृढ़ (वि.) अचल, अटल, अविचल, कड़ा, निश्चल, पुख्ता, पक्का, पुष्ट, मजबूत, सशक्त, स्थिर।
firm, steady.
दृढ़ता (स्त्री.) अचलता, अटलता, अविचलता, कड़ाई, कड़ापन, दृढ़त्व, पुष्टता, मजबूती, सशक्तता, स्थिरता।
firmness, steadiness.
दृढ़निश्चयी (वि.) अटल, अडिग, कृतसंकल्प, धुन का पक्का, पक्का, संकल्पशील।
resolute.
दृश्य (पुं.) दृश्यावली, नज़ारा, परिदृश्य, मंज़र।
scene, view, spectacle, perspective.
दृश्यमान (वि.) आभासी, प्रतीयमान, भासमान।
visible, perceptible, appearing.
दृष्टि (स्त्री.) डीठ, दीठ, दीदा, नज़र, निगाह, बीनाई।
1. sight, vision, look. 2. the effect of an evil eye.
दृष्टिकोण (पुं.) दृष्टिबिंदु, नज़रिया, विचारधारा।
view-point, ideology.
दृष्टिपात (पुं.) दृष्टिक्षेप।
glance.
देखना (क्रि.) अवलोकन करना, अवलोकना, चितवना, जोहना, तकना, ताकना, दृष्टिपात करना, दर्शन करना, देखना-भालना, नजर डालना, निरखना, निरीक्षण करना, निहारना, पेखना, लखना, विलोकना।
to see.
देखने में (क्रिवि.) ज़ाहिरा, प्रकट रूप से।
apparently, seemingly.
देखरेख (स्त्री.) चौकसी, चौकीदारी, देखभाल, निगरानी, पहरेदारी, रक्षा, रख-रखाव, रखवाली, सँभाल, सुरक्षा, हिफाज़त।
care, vigilance.
देना (क्रि.) उत्सर्ग करना, चुकाना, दान करना, प्रदान करना, बाँटना, भेंट करना, वितरित करना, समर्पित करना, सौंपना, हस्तांतरित करना।
to give, to pay.
देना-लेना (पुं.) देना-पावना, देयादेय।
assets & liabilities.
देयता (स्त्री.) देनदारी।
liability.
देरी (स्त्री.) अबेर, विलम्बित, देर, मंथरता, विलंब।
delay.
देवदूत (पुं.) नबी, पैगंबर, फरिश्ता, मसीहा, रसूल।
divine messenger, angel, prophet.

देवी (स्त्री.) भगवती।
goddess.

देश (पुं.) मुल्क, राज्य, राष्ट्र।
country, state, nation.

देश-निकाला (पुं.) जलावतनी, देश-निर्वासन, देश-निष्कासन, निर्वासन, वनवास।
exile, transportation, banishment.

देशभक्त (पुं.) देशप्रेमी, राष्ट्रप्रेमी, राष्ट्रभक्त।
patriot.

देशभक्ति (स्त्री.) देशप्रेम, राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रभक्ति।
patriotism.

देसी (वि.) देशज, देशी, देशीय, देश्य, देसावरी, मुल्की, स्वदेशी, स्वदेशीय।
indigenous, native.

देहाती (वि.) गँवार, ग्रामीण, ग्राम्य।
rural, rustic.

दैवकृत (वि.) ईश्वरीय, दैवाधीन, दैवी।
providential.

दोगला (वि.) जारज, दुनसली, दुमेला, वर्णसंकर, विजन्मा, संकरज, हरामी।
adulterine, centaur.

दोना (पुं.) पत्तोखा।
a cup made of leaves.

दोनों (वि.) उभय।
both.

दोयम (वि.) दूसरे दर्जे का, दो नंबर का, द्वितीय।
second-rate.

दोष (पुं.) अवगुन, ऐब, कज, खटक, खुचर, खराबी, खामी, खोट, छिद्र, त्रुटि, दूषण, नुक्स, पख, फितूर, बुराई, विकार।
defect, flaw, fault.

दोषदर्शन (पुं.) छलछिद्रण, छिद्रान्वेषण, नुक्ताचीनी।
faultfinding (n.).

दोषदर्शी (वि.पुं.) छलछिद्री, छिद्रान्वेषी, नुक्ताचीन।
faultfinding.

दौड़-धूप (स्त्री.) भाग-दौड़।
bustle, hectic activity.

दौड़-धूप करना (क्रिपद) उछल-कूद मचाना, कूद-फाँद करना, कोशिश करना, प्रयत्न करना, भाग-दौड़ करना, यत्न करना।
to bustle about.

दौड़ना (क्रि.) धावना, पलायन करना, भागना।
to run.

दौड़नेवाला (पुं.) दौड़-धूप करनेवाला।
runner.

दौरा (पुं.) १. गश्त, चकफेरी, फेरी।
beat, circuitous tour.
–२. बेहोशी, मिर्गी।
fit.

द्रुतगामी (वि.) तीव्रगामी, तेज़ चलनेवाला, तेज़ रफ़्तार, द्रुत, द्रुतगति, वेगपूर्ण, शीघ्रगतिक।
express, fast.

द्वंद्व (पुं.) १. अंतर्द्वंद्व।
conflict.
–२. झगड़ा (दे.)

द्वीप (पुं.) अंतरीय, जजीरा, टापू।
island, cape.

द्वीपपुंज (पुं) द्वीपमंडल, द्वीपसमूह।
archipelago.

द्वेष (पुं.) दुराशय, दुर्भाव, दुर्भावना, विद्वेष, वैर, वैमनस्य, शत्रुता।
malice, ill-will.

द्वेषपूर्ण (वि.) कुटिल, दुर्भावनाकृत, दुर्भावनापूर्ण, विद्वेषपूर्ण।
malicious.

द्व्यर्थक (वि.) उभयार्थक, द्विधार्थक।
ambiguous.

धक्कम-धक्का (पुं.) ठेलपेल, धक्कापेल, धक्कामुक्की, रेलपेल।
jostling.

धक्का (पुं.) धचका।
push, shove, jerk.

धड़ (पुं.) कबंध, रुंड, लुंड, लुंड-मुंड।
trunk, headless, torso.

धड़कन (स्त्री.) धकधक, धकधकाहट, धड़क, धुकधुकी, धुकुर-पुकुर, फड़क, स्पंदन।
palpitation.

धड़कना (क्रि.) धकधक करना, धड़धड़ करना, धड़धड़ाना, धुकधुक करना, धुकधुकी लगाना, धुकर-पुकर करना।
to palpitate, to throb.

धड़ल्ले से (क्रिवि.) निडर होकर, निर्द्वंद्व होकर, निर्भय होकर, निस्संकोच होकर, बेखौफ़ होकर, बेहिचक, सीना तानकर।
dauntlessly.

धन (पुं.) ज़र, दौलत, धन-दौलत, पैसा, माल-टाल, माल-मता, रुपया-पैसा, संपत्ति।
riches, money.

धनाढ्यता (स्त्री.) दौलतमंदी, रईसी।
richness.

धनी (वि.) अमीर, दौलतमंद, दौलतवाला, धनकुबेर, धनवंत, धनवान, धनाढ्य, धनिक, धनी-मानी, धन्नासेठ, मालदार, मालामाल, रईस, रुपया-पैसेवाला, लखपति।
rich, wealthy.

धन्य (वि.) कृतकृत्य, कृतार्थ।
obliged, gratified and happy.

धन्यवाद (पुं.) शुक्रिया।
thanks.

धन्यवाद देना (क्रिपद) शुक्रिया अदा करना।
to thank, to offer thanks.

धन्यवादपूर्वक (क्रिवि.) आभार सहित, साभार।
thankfully, gratefully.

धमकाना (क्रि.) आँख दिखाना, घुड़कना, चेतावनी देना, झिड़कना, तर्जना, धमकी देना, भय दिखलाना।
to intimidate, to threaten.

धमकी (स्त्री.) गीदड़-भभकी, घुड़की, डरावा, तर्जना, धौंस, धौंस-पट्टी, बंदर-घुड़की, बंदर-भभकी, भभकी।
threat.

धरन (स्त्री.) कड़ी, धरनी, बल्ली, शहतीर।
beam.

धरना (पुं.) कोर्ड, घेराव, नाकेबंदी।
picketing, blockade, gherao.

धर्म (पुं.) १. मजहब, रिलिजन।
religion.
—२. कर्तव्य, कृत्य, धर्मकर्म, फर्ज।
function.

धर्मप्रचारक (पुं.) मिशनरी।
missionary.

धर्मयुद्ध (पुं.) जेहाद।
religious war, crusade.

धर्मांधता (स्त्री.) धर्मोन्माद।
religious fanaticism.

धर्मात्मा[1] (पुं.) ऋषि, पुण्यात्मा, महर्षि, महात्मा, साधु।
saint.

धर्मात्मा[2] (वि.) धर्मनिष्ठ, धर्मपरायण, धर्मपाल, धर्मशील, धर्मिष्ठ, धर्मी, नेक, भला, सदाचारी, सुकर्मी, सुकृती।
pious.

धर्मार्थ (वि.) खैराती।
charitable.

धागा (पुं.) डोर, डोरा, डोरी, तन्नी, सूत, सूता।
thread.

धाय (स्त्री.) धात्री।
wet-nurse.

धाराप्रवाह (वि.) १. धुआँधार।
fluent, glib.
—२. लगातार (दे.)

धार्मिक (वि.) धर्मशील, धर्मानुयायी, धर्मी, मजहबी, मतावलंबी, संप्रदायवादी, सांप्रदायिक।
religious.

धिक्कार (स्त्री.) प्रताड़ना, फटकार, फिटे मुँह, भर्त्सना, मलामत, लानत, लानत-मलामत।
damnation.

धीमा (वि.) ढीला, दीर्घसूत्री, देर लगानेवाला, धीरे चलनेवाला, मंथर, मंद, मंदगति, मंदगामी, मट्ठर, फिसड्डी, विलंबकारी, वेगहीन, शिथिल, सुस्त, हलका।
slow, tardy, dilatory, laggard, leisurely.

धीरे (क्रिवि.) धीमे, धीमे-धीमे, धीरे-धीरे, रफ्ता-रफ्ता, मंदगति से, शनैः शनैः, होले-होले।

slowly.

धुँधला (वि.) १. धूमिल।
hazy, misty.
–२. अस्पष्ट (दे.)

धुआँ (पुं.) धूम, धूम्र।
smoke, fume.

धुनना (क्रि.) तूमना, धुनकना, पिंजना।
to card.

धुन सवार होना (क्रिपद) खब्त होना, पागलपन सवार होना, सनक चढ़ना।
to have something on the brain.

धुनी (वि.) कृतसंकल्प, दृढ़निश्चयी, दृढ़प्रतिज्ञ, धुन का पक्का।
resolute in pursuit.

धुरा (पुं.) अक्ष, धुरी।
axis, axle.

धुलाई (स्त्री.) धोना, प्रक्षालन।
washing.

धूप (स्त्री.) आतप, घाम, सूर्यप्रकाश, सूर्यालोक।
sunshine.

धूर्त (वि.) कपटी, खुर्राट, गुरुघंटाल, घाघ, चंट, चघड़, चलता पुर्ज़ा, चाँइया, चाँई, चालबाज, छलछंदी, छलिया, छली, टंच, टपकेबाज, ठग, तड़ीबाज, तिकड़मबाज़, तिकड़मी, दगाबाज, धोखेबाज, पाखंडी, फरफंदी, बगलाभगत, मक्कार, मायावी, वंचक।
cunning, crafty, artful.

धूर्तता (स्त्री.) १. चंटई, चंटपना, चघड़पन, चाँईपन, चालबाजी, छल, टपकेबाजी, ठगई, ठगवृत्ति, ठगी, तिकड़म, तिकड़मबाजी, तड़ी, दगाबाजी, धोखा, धोखेबाजी, पाखंड, फरफंद, बगलाभगती, मक्कारी, वंचकता।
cunningness, craftiness, crookedness.
–२. धोखा (दे.)

धूल (स्त्री.) खाक, गर्द, गरदा, रज, धूलि, मिट्टी।
dust.

धृष्ट (वि.) अवज्ञाकारी, अविमर्षी, अविनीत, अशिष्ट, गुस्ताख, ढीठ, प्रगल्भ, बदतमीज, बेअदब।
insolent, impudent, impertinent.

धृष्टता (स्त्री.) अवज्ञा, अविनय, अशिष्टता, गुस्ताखी, ढिठाई, प्रगल्भता, बेअदबी, बदतमीजी।
insolence, impertinence, impudence.

धैर्य (पुं.) १. आश्वासन, गनीमत, ढाढस, तसल्ली, दम-दिलासा, दिलजोई, दिलासा, धीरज, धीरता, सब्र, सांत्वना।
patience, endurance, fortitude.
–२. सहनशीलता (दे.)

धैर्य बँधाना (क्रिपद) आश्वासन देना, ढाढ़स देना, तसल्ली देना, दिलासा देना, धीरज बँधाना, सांत्वना देना, हिम्मत बँधाना।
to console.

धैर्यवान (वि.) धीर, प्रशांत, शांत, संतोषी, सहनशील, सहिष्णु।
patient.

धोखा (पुं.) कपट, कुटिलता, चकमा, चरका, चालाकी, छल, छल-कपट, छलछंद, छलबल, झाँसा, ठगपना, ठगी, दगा, दगाबाजी, दगेबाजी, दमबुत्ता, धुप्पल, धुप्पलबाजी, धूर्तता, धोखाधड़ी, धोखेबाजी, प्रवंचकता, प्रवंचना, फरेब, बुत्ता, भगल, भुलावा, मक्कारी, मक्र, वंचना, विश्वासघात।
deceit, deception, deceitfulness, fraud, treachery, cheating, trickry, double dealing.

धोखा देना (क्रिपद) कपट करना, गच्चा देना, चकमा देना, छल करना, झाँसा देना, ठगना, ठगी करना, दगा देना, दगाबाजी करना, धुप्पल देना, धोखाधड़ी करना, फरेब करना, भुलावा देना, मक्कारी करना, मूँड़ना, लूटना, विश्वासघात करना।
to hoodwink.

धोखेबाज (वि.) कपटी, कुटिल, चालबाज, खोटा, छली, छलछंदी, छलहाया, छलिया, ठग, दगाबाज, धुप्पलबाज, धूर्त, प्रवंचक, फरेबी, बेईमान, मक्कार, वंचक, शठ, हथलपक।
cheat, treacherous, crooked, trickster, fraudulent, deceptive.

धोना (क्रि.) निखारना, पखारना, प्रक्षालन करना, प्रक्षालित करना, साफ करना, स्वच्छ करना।
to wash, to cleanse, to launder.

धौंकनी (स्त्री.) भाथी।
bellows.

धौल-धप्पड़ (पुं.) घूँसेबाजी, चपतबाजी, मुक्का-मुक्की।
exchange of blows.

ध्यान (पुं.) १. चिंतन, भावमयता, मनन, मनोयोग।
meditation.
–२. ख्याल, चिंता, तवज्जोह, परवाह, फिक्र, मुरव्वत, मुलाहिजा, लिहाज।
care, attention.

ध्यानमग्न (वि.) ध्यानावस्थित।
lost in meditation.

ध्यान रखना (क्रिपद) ख्याल रखना, लिहाज करना।
to keep in mind, to take care of.

ध्वस्त होना (क्रिपद) गिर जाना, टूट जाना, भग्न होना, तबाह होना, बर्बाद होना, बैठ जाना।
to be ruined, to be destroyed.

नंगा (वि.) १. अचीर, अनावृत, खुला, नग्न, निर्वसन, बेपरद, वस्त्रहीन, विवस्त्र।
naked, nude, open, exposed.
–२. दुष्ट (दे.)

नकदी (स्त्री.) नकदनारायण, नगदी, रोकड़।
cash, ready cash.

नकल (स्त्री.) १. अनुकरण, अनुहार, देखादेखी, नकाली।
imitation.
–२. अनुलिपि, प्रतिलिपि।
copy.

नकल उतारना (क्रिपद) अनुहार करना, भँड़ैती करना, स्वाँग भरना।
to mimic.

नकल करना (क्रिपद) अनुकरण करना, देखादेखी करना, रीस करना।
to imitate, to copy.

नकलची (पुं.) अनुकरणशील, अनुकर्ता, नकलबाज, नक्काल।
one who copies by unfair methods.

नकली (वि.) अप्राकृतिक, कृत्रिम, जाली, झूठा, फर्जी।
artificial, fake, counterfeit, forged, fabricated.

नकारात्मक (वि.) ऋणक, ऋणात्मक, नहिक।
negative.

नकियाना (क्रि.) नाक से बोलना।
to speak with nasal accent.

नक्काशी (स्त्री.) पच्चीकारी।
engraving, carving.

नक्षत्र (पुं.) तारामंडल, तारावली, नखत।
constellation.

नखरा (पुं.) ऐंठ, चोचला, चोचलेबाजी, ठसक, ठसका, ठस्सा, नकचेबाजी, नखरा-तिल्ला, नखरेबाजी, नाज, नाज-नखरा, मटकौवल, हाव-भाव।
coquetish behaviour, affected manners, affectation.

नखरेबाज (वि.) ऐंठू, चोचलहाया, ठसकेदार, तुनुकमिजाज, नकचढ़ा, नकचेबाज, नखरीला।
moody, peevish, hard to please.

नगर (पुं.) कसबा, नगरी, पत्तन, पुर, पुरी, शहर।
city, town.

नगरवासी (पुं.) नागरिक, पुरजन, पुरवासी, शहरी।
citizen.

नजर (स्त्री.) कुदृष्टि, बुरी नजर।
sinister eye.

नट (पुं.) कलाबाज, बाजीगर, मदारी।
acrobat, juggler.

नटखट (वि.) अठाई, उत्पाती, उपद्रवी, आफत का परकाला, खिलवाड़ी, चुलबुला, छिछोरा, पाजी, फितरती, शरारती।
mischievous, coltish.

नटखटी (स्त्री.) उत्पात, उपद्रव, खिलवाड़, शरारत, चुलबुलापन, चुहल, छिछोरापन, छेड़छाड़, पाजीपन,

फितरत, शरारत।
michievousness, naughtiness.
नत(क्रि.) झुका हुआ, नतमस्तक, प्रणत, नमित।
bent, inclined.
नदी(स्त्री.) दरिया, धारा, नद, सरिता।
river.
नपा-तुला(वि.) जँचा-तुला।
precise.
नपुंसक(वि., पुं.) क्लीव, जनखा, नामर्द, मोगा, हिजड़ा।
impotent.
नपुंसकता(स्त्री.) क्लीवता, ध्वजभंग, नामर्दी, हिजड़ापना।
impotence.
नमक(पुं.) रामरस, लवण, लोन।
salt.
नमकीन(वि.) खारा, नुनखरा, मिठलोना, लवनित।
salty, saltish, saline.
नमन(पुं.) प्रणति, विनति।
act of bowing.
नमस्कार(पुं.) अभिवादन, दण्डवत्, नमस्ते, प्रणाम, बंदगी, सलाम।
salutation.
नमूना(पुं.) चाशनी, बानगी।
sample.
नम्र(वि.) १. दीन, विनम्र, विनीत, सौम्य।
modest, meek.
–२. सुशील (दे.)
नम्रता(स्त्री.) दीनता, दीनभाव, विनम्रता, विनय, सौम्यता।
modesty, meekness.
नया(वि.) अभिनव, अर्वाचीन, आधुनिक, कोरा, चिरनूतन, नव, नवल, नवीन, नवोदित, नव्य, नूतन, सद्य।
new, modern, recent.
नयापन(पुं.) अभिनवता, अर्वाचीनता, आधुनिकता, कोरापन, चिरनूतनता, नवता, नवलता, नवीनता, नूतनता।
newness, novelty, modernity, modernism.
नरक(पुं.) अधोलोक, दोजख, यमलोक, रसातल।
hell.
नरपुंगव(पुं.) नरश्रेष्ठ, नरोत्तम।
topping man, bestman.
नरभक्षी(पुं.) आदमखोर, मनुष्यभक्षक, मानवभक्षी, मनुजाद।
man-eater, cannibal.
नरमी(स्त्री.) १. नरमदिली, मुलायमियत, मृदुता, मृदुलता, सदयता।
gentleness.
–२. भलमनसत, भलमनसाहत, सुजनता।
नवजात(वि.) नवोत्पन्न, सद्यजात।
new-born.
नवधनाढ्य(वि.) कल का नवाब, नवधनिक, नवधनी।
new rich.
नवविवाहित(वि.) नया ब्याहा, नवोढ़।
newly married man.
नवविवाहिता(स्त्री.) नई ब्याही, नवोढ़ा।
newly married woman.
नवीनीकरण(पुं.) नवीकरण, नवीयन।
1. renewal, 2. renovation.
नशा(पुं.) उन्माद, खुमारी, पिनक, मत्तता, मद, मस्ती, मादकता, सरूर।
intoxication.
नशाखोर(वि.) अफीमची, गँजेड़ी, चंडूबाज, नशेबाज, पियक्कड़, पोस्ती, मदकची, मद्यप, शराबी।
habitually taking intoxicants, drunkard, boozy.
नशाखोरी(स्त्री.) नशेबाजी, मद्यपान, मद्यसेवन, शराबखोरी।
habitual drinking.
नशीला(वि.) उन्मादक, मादक।
intoxicating.
नशे में चूर(वि.) उन्मत्त, टल्ल, धुत, नशे में धुत, नशे में चूर, प्रमत्त, बेसुध, मतवाला, मत्त, मदमत्त, मदहोश, मदोन्मत्त, मस्त।
intoxicated, dead drunk, inebriated.
नष्ट(वि.) गारत, चौपट, गरक, जाया,

तबाह, तहस-नहस, ध्वस्त, नष्ट-भ्रष्ट, फना, बर्बाद, विध्वस्त, विनष्ट, समाप्त, सर्वस्वाहा।
ruined, destroyed, devastated.

नष्ट कर देना (क्रिपद) उखाड़ फेंकना, उड़ा देना, खत्म कर देना, किरकिरा कर देना, गँवा देना, गरक कर देना, गारत कर देना, चौपट करना, तहस-नहस कर देना, ध्वस्त कर देना, नष्ट-भ्रष्ट कर देना, न रहने देना, फूँक-ताप देना, मटियामेट कर देना, मिटा देना, मिटाना, लीप-पोतकर बराबर करना, समाप्त कर देना।
to destroy, to ruin, to wipe out, to annihilate.

नष्ट हो जाना (क्रिपद) उखड़ जाना, उजड़ जाना, खत्म हो जाना, जाया हो जाना, ध्वस्त हो जाना, पिट जाना, बिलट जाना, मिट जाना, मिटियामेट हो जाना, समाप्त हो जाना।
to be destroyed.

नहाना (क्रि.) नहाना-धोना, निमज्जन करना, स्नान करना।
to bathe, to take a bath, washing & bathing.

नहीं (निपात) न, ना।
no, not.

नाई (पुं.) नाऊ, नापित, हज्जाम।
barber.

नाक (स्त्री.) घ्राणेंद्रिय, नासा, नासिका।
nose.

नाक-नक्शा (पुं.) चेहरा-मोहरा, नाक-नक्श, मुखाकृति, रंग-रूप, सूरत-शक्ल।
the cut of the face, features.

नाखून (पुं.) नख।
nail.

नाच (पुं.) नर्तन, नृत्य, लास्य।
dance.

नाचना (क्रि.) झूम उठना, झूमना, रास करना, थिरकना, डोलना, नर्तन करना, नृत्य करना, मटकना, ठुमकना, ठुमसना।
to dance.

नाचनेवाला (वि., पुं.) नर्तक।
dancer.

नाचनेवाली (वि., स्त्री.) नर्तकी।
dancing girl.

नाचीज़ (पुं.) खाकसार, फिदवी, मनसाराम।
title of medesty for oneself.

नाटा (वि., पुं.) छोटा, ठिगना, बौना, वामन।
dwarf, dwarfish.

नाट्यशाला (स्त्री.) थियेटर, नाचघर, रंगभूमि, रंगशाला।
theatre, dancing hall.

नाड़ी (स्त्री.) १. नब्ज।
pulse.
–२. नस, धमनी, रक्तवाहिनी, रग, शिरा।
vein, artery.

ना-नुकर (स्त्री.) नाह-नूँ।
expression of reluctance.

नाम (पुं.) अभिधान, संज्ञा।
name.

नामक (वि.) नामधारी, नामवाला, नामी।
named, called.

नामराशी (पुं.) एकनाम, समनाम, हमनाम।
namesake.

